चैत्र कृष्ण - 2 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 239 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » बुधवार » 27-03-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





5 हार को भांपते हुए विपक्ष कर रहा है विभाजनकारी राजनीति : भाजपा

6 प्रधानमंत्री मोदी का भूटान दौरा क्यों था जरूरी?

7 राजनीति समाज के लिए काम करने का एक तरीका है : कंगना रनौत




## फर्स्ट टेक

### खाते 'फ्रीज' होने के कारण प्रचार के लिए पर्याप्त धन नहीं : कांग्रेस

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पार्टी के खाते 'फ्रीज' (लेन देन पर पूर्ण रोक) किए जाने के कारण उसके उम्मीदवारों को आगामी लोकसभा चुनाव का प्रचार करने में वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य और तिरुवनंतपुरम से सांसद, शशि थरूर ने कहा कि पार्टी के सभी उम्मीदवार 'वित्तीय संकट' में हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के खाते 'फ्रीज' कर दिए गए हैं जिसकी वजह से वह अपने उम्मीदवारों की उस तरह से मदद नहीं कर पा रही है जैसा हम अपनी चाहते थे। थरूर ने कहा, ''फिर भी, हमारे पास हर जगह बहुत निष्ठावान और मेहनती कांग्रेस कार्यकर्ता हैं जो वह कर रहे हैं जो वे कर सकते हैं। जब निर्वाचन आयोग हमें जनता से कानूनी रूप से धन जुटाने की अनुमति देगा, तब हम ऐसा करेंगे।'' उन्होंने विश्वास जताया कि जनता पैसे की कमी के कारण कांग्रेस के अभियान को विफल नहीं होने देगी। विधानसभा में विपक्ष के नेता वी. डी. सतीशन ने भी कहा कि चुनाव प्रचार के लिए धन की कमी है।

| 27-03-2024 | 28-03-2024 |
|---|---|
| सूर्यास्त 6:07 बजे | सूर्योदय 6:20 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 72,470.30 | 22,004.70 |
| (-361.64) | (-92.05) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,814 रु. | 80,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## त्रासदी



बाल्टीमोर में सोमवार देर रात एक मालवाहक जहाज एक प्रमुख पुल से टकरा गया, जिससे पुल टूटकर नीचे नदी में गिर गया। इसकी वजह से कई वाहन ठंडे पानी में गिर गए और बचाव दल जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि मालवाहक जहाज किस कारण से सुबह के आवागमन से काफी पहले 'फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज' से टकरा गया। इस घटना में दो लोगों को बचा लिया गया और यह स्पष्ट नहीं है कि और कितने लोग पानी में गिरे होंगे।

## बीआरएस नेता कविता नौ अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में

**नई दिल्ली/वार्ता।** दिल्ली शराब नीति 2021-2022 (जो बात में रद्द कर दी गई) में कथित घोटाला से संबंधित धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधान पार्षद के. कविता को मंगलवार को नौ अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत अवधि पूरी होने के बाद रिश्वतखोरी के इस मामले में कथित रूप से शामिल सुश्री कविता को राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया गया। इससे पहले इसी अदालत ने उन्हें 16 मार्च को दो सप्ताह की ईडी की हिरासत में पूछताछ के लिए भेज दिया था।

# पंजाब में लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी भाजपा

## शिरोमणि अकाली दल से कोई गठबंधन नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को पंजाब में अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की, जो शिरोमणि अकाली दल (शिअद) से फिर से गठबंधन करने संबंधी बातचीत की अटकलों के खत्म होने का संकेत है। भाजपा के अकेले चुनाव लड़ने से आम चुनाव में इस सीमावर्ती राज्य में चतुष्कोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। पंजाब में 13 लोकसभा सीटों के लिए मतदान सात चरणों के चुनाव के अंतिम चरण में, एक जून को होगा।

■ बताया जाता है कि भाजपा पंजाब में 13 में से छह लोकसभा सीटें मांग रही थी जबकि अकाली इस पर राजी नहीं थे।



यह घोषणा शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और भाजपा में संसदीय चुनाव के लिए फिर से गठबंधन करने संबंधी बातचीत की अटकलों के बीच की गई है।

भाजपा की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, भाजपा पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं से मिले 'फीडबैक' के बाद यह फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के भविष्य और युवाओं, किसानों, व्यापारियों, मजदूरों तथा वंचित वर्गों की बेहतरी के लिए यह फैसला लिया गया है।

## पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में आत्मघाती हमला,

# पांच चीनी नागरिकों सहित छह मारे गए

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान के अशांत पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर-पख्तूनख्वा में मंगलवार को विस्फोटक से भरे एक वाहन ने एक बस को टक्कर मार दी, जिससे बस में सवार कम से कम पांच चीनी नागरिकों सहित छह व्यक्तियों की मौत हो गई। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। ये चीनी नागरिक दासू जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे थे।



पुलिस ने बताया कि प्रांत के शांगला जिले के बिशम इलाके में हुई घटना में कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब इस्लामाबाद से कोहिस्तान जा रही एक बस को विपरीत दिशा से आ रहे एक वाहन ने टक्कर मार दी।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मुहम्मद अली गंडापुर ने घटना और मरने वालों की संख्या की पुष्टि की और कहा कि यह संभवत: एक आत्मघाती हमला था। गंडापुर ने मीडिया को बताया, हमले में पांच चीनी नागरिक और उनका पाकिस्तानी चालक मारा गया।

अभी तक किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# 'जहां विभाजन होगा, वहां समाज मजबूत नहीं हो सकता'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गोरखपुर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठ के महंत योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को होली के पर्व के अवसर पर कहा कि आपसी वैमनस्य को समाप्त करके सत्य और न्याय के मार्ग पर चलकर ही हम समाज को शक्तिशाली बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि जहां विभाजन होगा, वहां समाज मजबूत नहीं हो सकता।




मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म शोक और पश्चाताप में नहीं बल्कि उत्साह और आशावाद में विश्वास करता है और होली का पर्व भी यही संदेश देता है।

आदित्यनाथ ने गोरखपुर में होली के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि यह त्योहार एक सौहार्दपूर्ण समाज की स्थापना की भावना का प्रतीक है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गोरखपुर के घंटाघर में आयोजित 'भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभा यात्रा' के दौरान यह बात कही। गोरखपुर में मंगलवार को होली मनाई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्योहार उत्साह और आशावाद का पर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का त्योहार समतामूलक एवं समरसतापूर्ण समाज की स्थापना का भी संदेश देता है। उन्होंने कहा, आपसी वैमनस्य को समाप्त करके सत्य और न्याय के मार्ग पर चलकर ही हम समाज को शक्तिशाली बना सकते हैं।







# ‘महायुति’ गठबंधन के उम्मीदवारों के नाम 28 मार्च को घोषित किए जाएंगे : अजित पवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पुणे/भाषा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार ने मंगलवार को कहा कि ‘महायुति’ गठबंधन के शेष उम्मीदवारों के नामों की घोषणा 28 मार्च को की जाएगी। ‘महायुति’ गठबंधन में राकांपा के अलावा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना भी शामिल है।

अजित पवार ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए रायगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से मौजूदा सांसद सुनील तटकरे की उम्मीदवारी की भी घोषणा की। भाजपा ने अब तक महाराष्ट्र की 23 सीट पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। हालांकि, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने अभी तक आधिकारिक तौर पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। पुणे में राकांपा के विधायकों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करने के बाद अजित पवार ने संवाददाताओं से यह बात कही। राकांपा नेता ने यह भी संकेत दिया कि उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार को बारामती निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा जाएगा। अजित पवार ने कहा, सीट के बंटवारे पर हमारा 99 फीसदी काम पूरा हो चुका है। महायुति के शेष उम्मीदवारों के नाम संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में घोषित किए जायेंगे, जिसे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के साथ मैं संबोधित करूंगा। तटकरे अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। उन्होंने राकांपा (अविभाजित) के उम्मीदवार के रूप में रायगढ़ से 2019 का लोकसभा चुनाव जीता था। अजित पवार ने यह भी कहा कि 20 साल पहले राकांपा (अविभाजित) का हिस्सा रहे शिवसेना नेता शिवाजीराव अधलराव पाटिल को मंगलवार को उनके नेतृत्व वाली राकांपा में शामिल किया जाएगा। ऐसी अटकलें हैं कि अधलराव पाटिल को पुणे जिले के शिरूर लोकसभा क्षेत्र से शरद पवार के वफादार मौजूदा सांसद अमोल कोल्हे के खिलाफ मैदान में उतारा जाएगा। अजित पवार ने कहा, सांसदों और विधायकों को अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी लोग महायुति के लिए एकजुट होकर काम करें। उन्होंने यह भी बताया कि राकांपा नेता और राज्य सरकार में मंत्री धनंजय मुंडे महाराष्ट्र में राकांपा के प्रचार अभियान के प्रभारी होंगे। जब उनसे पूछा गया कि बारामती सीट से कौन चुनाव लड़ेगा तो उन्होंने कहा कि 28 मार्च को यह स्पष्ट हो जाएगा।

अजित पवार ने संवाददाताओं से कहा, हम 28 मार्च को महायुति के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करेंगे, लेकिन मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि जो भी नाम आपके मन में हैं, उसी को टिकट दिया जाएगा।



# ‘साहित्य संगम’ के कवि सम्मेलन में लगे महावीर के नारे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। श्रमण संघ के प्रथम युवाचार्य मिश्रीमलजी ‘मधुकर’ की शिष्या राजस्थान प्रवर्तिनी साध्वी डॉ. सुप्रभाजी ‘सुधा’ के 73वें जन्मदिन एवं दीक्षा स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में गुरु ब्रज-मधुकर श्रावक समिति के तत्वावधान में जैन साहित्य संगम, तमिलनाडु का कवि सम्मेलन शनिवार को जैन दादावाड़ी अयनावरम में हुआ। साध्वी इमितप्रभा और उन्नतिप्रभा की निश्रा एवं एम. गौतमचंद बोहरा (सीए) की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का प्रारंभ नवकार स्तुति से हुआ। मोहिनी चोरड़िया, शोभा चोरड़िया, ज्योति मेहता, सरिता सरगम आदि कवयित्रियों ने मधुर स्वर में कविता के जरिये साध्वी उमरावकुंवरजी की अर्चना की।

कोषाध्यक्ष पमिता खिंचा के संचालन में शसुन कॉलेज में जैनविद्या विभाग के शोध-प्रमुख कवि डॉ. दिलीप धींग ने मेवाड़ी छंद ‘दारुड्या री दादागिरी टांय टांय फिस्स वेवे’ सुनाकर व्यंग्यात्मक ढंग से नशे के नुकसान बताए। प्रणत धींग ने डॉ. दिलीप धींग की चर्चित कविता जियो और जीने दो यह महावीर का नारा है’ सुनाई तो सभागार हर्ष-हर्ष जय-जय से गूंज उठा। अध्यक्ष गौतमचंद बोहरा ने कहा कि कोई भी संस्था साहित्य संगम का कवि सम्मेलन करवा सकती है। मंत्री अमित मरडिया ने संगम की प्रगति से अवगत कराया। बाल प्रतिभा मंथन बोहरा ने सुप्रभाजी के गुणगान किये। मनोहरमल महक ने युवाचार्य मधुकर मुनि की स्मृतियों को ताजा किया। अलंकार आच्छा ने हाइकू सुनाए। केवल कोठारी, कपूरचंद सेठिया, जयंतीलाल जागरूक, सज्जन जैन, रमेश बोहरा आदि कवियों ने होली के आध्यात्मिक रंग बिखेरे। इस अवसर पर डॉ. दिलीप धींग और ज्योति मेहता ने साध्वी डॉ. सुप्रभाजी को साहित्य समर्पित किया। गुरु ब्रज-मधुकर श्राविका समिति की अध्यक्ष कमला सज्जनराज मेहता ने आभार जताया।

RRP ELECTRONICS LIMITED

# तेंदुलकर समर्थित कंपनी महाराष्ट्र में सेमीकंडक्टर संयंत्र के लिए 5,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी

**मुंबई/भाषा।** पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर समर्थित कंपनी आरआरपी इलेक्ट्रॉनिक्स ने मंगलवार को महाराष्ट्र में सेमीकंडक्टर सुविधा के लिए 5,000 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा कि यह निवेश अगले पांच साल में किया जाएगा। कुल निवेश में तेंदुलकर या अन्य शेयरधारकों के योगदान का कंपनी द्वारा खुलासा नहीं किया गया है।

बयान में कहा गया है कि 23 मार्च को नवी मुंबई के सैटेलाइट शहर में 25,000 वर्ग फुट की सुविधा का अनावरण तेंदुलकर, सेवानिवृत्त परमाणु भौतिक विज्ञानी अनिल काकोडकर और कंपनी के संस्थापक, चेयरमैन, प्रवर्तक और मुख्य कार्यकारी राजेंद्र चोदानकर की उपस्थिति में किया गया था। बयान में कहा गया है, नवाचार की यात्रा पर निकलते हुए, आरआरपी इलेक्ट्रॉनिक्स ने आगामी पांच वर्षों में 5,000 करोड़ रुपए के शुरुआती निवेश का वादा किया है, साथ ही दूसरे चरण के लिए भी उतनी ही दृढ़ता और प्रतिबद्धता रखी गई है। तेंदुलकर के हवाले से बयान में कहा गया, हम आज रोमांचक समय में रह रहे हैं, जब भारत ऐसे उद्योगों का निर्माण कर रहा है जो भविष्य में दुनिया पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगे। मैं उन प्रौद्योगिकियों और उद्यमियों का समर्थन करके खुश हूं जो इस कहानी का हिस्सा हैं।



# अमृतवाणी सत्संग मंडल परिवार ने मनाया होली उत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। अमृतवाणी सत्संग मंडल परिवार चेन्नई द्वारा होली का विशेष उत्सव बड़े ही आनंद के साथ श्री धर्मशाला के प्रांगण में मनाया गया। इसमें सबसे पहले गणेश वंदना हुई उसके बाद गुरु वंदना हुई उसके बाद सरस्वती वंदना हुई फिर सामूहिक रूप से अमृतवाणी पाठ किया गया फिर भजनों का सिलसिला चला इसमें ‘आज बिरज में होली रे रसिया / जुलम कर डारयो, सितम कर डारयो काले ने कर दियो लाल जुलम कर डारयो’ इस भजन में सभी भक्त झूमने और नाचने लगे और साथ में फूलों की वर्षा की गई और सभी भक्तों को गुलाल लगाई तथा साथ में अंत में ठंडाई का वितरण सभी को किया गया। इस मौके पर मुकुंद चांडक, राजेंद्र भट्टड़, अशोक जोशी, बद्री सोनी, अशोक गौड़, कमल चांडक सहित सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। यह जानकारी हमारे मंडल के अरविंद कुमार दाधीच ने दी है।





# दिवेर जैन परिषद के अध्यक्ष बने इन्दरचन्द डूंगरवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां शनिवार को दिवेर जैन परिषद चेन्नई का स्नेह मिलन आयोजित हुआ। दिवेर गांव की बहन बेटियां एवं जमाई राजा, जो चेन्नई में प्रवासित है, उनको भी आमंत्रित किया। अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इनका सफल आयोजन मीना नाहर, दिव्यांश नाहर एवं सुरेश नाहर ने किया। तत्पश्चात कार्यकारी अध्यक्ष भंवरलाल चोरड़िया की अध्यक्षता एवं मंत्री शांतिलाल डूंगरवाल के निर्देशन में वर्ष 2024-26 के लिए अध्यक्ष पद हेतु इंदरचंद डूंगरवाल का चयन किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। मंत्री ज्ञानचंद चोरड़िया, सहमंत्री अरविंद लोढ़ा एवं कोषाध्यक्ष अरविन्द बी. डूंगरवाल को नियुक्त किया। कार्यक्रम का संयोजन तनसुखलाल नाहर ने किया।

# इरडा ने पॉलिसी वापसी शुल्क से संबंधित नियम में बदलाव किया

**नई दिल्ली/भाषा।** बीमा नियामक इरडा ने विभिन्न नियमों को अधिसूचित किया है। इसमें बीमा पॉलिसी वापस या सरेंडर करने से जुड़ा शुल्क भी शामिल है। इसमें बीमा कंपनियों को ऐसे शुल्कों का खुलासा पहले ही करना होता है। इरडा (बीमा उत्पाद) विनियमन, 2024 के तहत छह नियमों को एक एकीकृत ढांचे में मिलाया गया है। इसका उद्देश्य बीमा कंपनियों को उभरती बाजार मांग के अनुसार तेजी से कदम उठाने में सक्षम बनाना, कारोबार सुगमता को बेहतर करना और बीमा को बढ़ावा देना है। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण ने बयान में कहा ये नियम उत्पाद डिजायन व मूल्य निर्धारण में बेहतर कामकाज को बढ़ावा देते हैं। इसमें पॉलिसी वापसी पर गारंटीशुदा मूल्य और विशेष वापसी मूल्य से जुड़े नियमों को मजबूत करना शामिल है।

इसमें यह भी सुनिश्चित किया गया है कि बीमाकर्ता प्रभावी निगरानी और उचित जांच-परख के लिए ठोस गतिविधियों को अपनाएं। ये नियम एक अप्रैल, 2024 से प्रभाव में आएंगे। यह निर्धारित करते हैं कि यदि पॉलिसी खरीद के तीन साल के भीतर लौटायी या वापस की जाती है, तो वापसी मूल्य समान या उससे भी कम रहने की संभावना है। इसमें कहा गया है कि जिस पॉलिसी को चौथे से सातवें वर्ष तक वापस किया जाता है, उनके वापसी मूल्य में मामूली वृद्धि हो सकती है।



# मुंबई में छह मंजिला इमारत में आग लगने के बाद 50 लोगों को बचाया गया, कोई हताहत नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** मुंबई के उपनगरीय मुलुंड इलाके में छह मंजिला कॉर्पोरेट पार्क इमारत में मंगलवार की सुबह आग लग गई लेकिन समय रहते करीब 50 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला लिया गया और इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि आग पूर्वाह्न नौ बजकर करीब 25 मिनट पर छठी मंजिल पर लगी और इमारत में धुआं भरने की वजह से विभिन्न मंजिलों पर लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि सीढ़ियों की मदद से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अधिकारी ने बताया, अभी तक हादसे में किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। एक अन्य नगर निगम अधिकारी ने बताया कि एलबीएस रोड पर स्थित एवियर कॉर्पोरेट पार्क के छठे तल पर आग लग गई थी। उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक इमारत में आग से करीब एक हजार वर्ग फीट क्षेत्र में मौजूद तारों, बिजली के उपकरणों, एसी, लकड़ी के फर्नीचर और आधिकारिक दस्तावेजों को नुकसान पहुंचा है। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने के लिए कम से कम चार दमकल वाहनों, तीन बड़े टैंकर और अन्य वाहनों को लगाया गया और आग पर चार घंटे में बाद काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि मुंबई पुलिस, बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) और अन्य एजेंसियों के कर्मियों को मौके पर भेजा गया है। उन्होंने कहा, अब प्रशीतन का काम चल रहा है। अग्निशमन दल ने आग की वजह के बारे में अभी नहीं बताया है।

# सीयूईटी-स्नातक के लिए आवेदन की अंतिम समयसीमा 31 मार्च तक बढ़ायी गईः यूजीसी अध्यक्ष



**नई दिल्ली/भाषा।** साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-स्नातक के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने मंगलवार को यह घोषणा की। पहले यह समय सीमा मंगलवार रात 11 बजे तक थी। उन्होंने कहा, अभ्यर्थियों और अन्य हितधारकों से प्राप्त अनुरोध के आधार पर सीयूईटी-यूजी - 2024 के लिए आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करने की समय सीमा 31 मार्च 2024 को रात 9:50 बजे तक बढ़ा दी गई है। परीक्षा 15 से 31 मई तक आयोजित होनी है।

देशभर के केंद्रीय, राज्य, डीम्ड और निजी विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए 2022 में मानकीकृत परीक्षा शुरू की गई थी। परंपरा से अलग हटते हुए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सीयूईटी-यूजी 2024 के लिए एक हाइब्रिड परीक्षा प्रारूप की रूपरेखा तैयार की है, जिसमें विभिन्न विषयों के लिए कंप्यूटर-आधारित परीक्षा और पेन-एंड-पेपर मोड दोनों शामिल हैं। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि उच्च पंजीकरण वाले विषयों में ऑप्टिकल मार्क रिकग्निशन (ओएमआर) का उपयोग करके पेन-एंड-पेपर प्रारूप अपनाया जाएगा जबकि अन्य कंप्यूटर-आधारित रहेंगे।

# केसीआर, ममता, केजरीवाल जैसे नेता ही भाजपा को रोक सकते हैं, कांग्रेस के बस की बात नहीं : बीआरएस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** भारत राष्ट्र समिति के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री क्रमशः अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी तथा तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव जैसे धाकड़ एवं मजबूत क्षेत्रीय नेता ही भाजपा को रोक पाने में सक्षम हैं, ये कांग्रेस के बस की बात नहीं।

यहां पार्टी की एक बैठक को संबोधित करते हुए रामा राव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने भाजपा का मुकाबला करने की अपनी ताकत और ऊर्जा दोनों खो दी है। उन्होंने कहा, अगर कोई भाजपा को रोक सकता है, तो केसीआर, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल सरीखे क्षेत्रीय नेता ही ऐसा कर सकते हैं। भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेस के पास उतनी ताकत नहीं है। आज, अगर आप पूरे देश में देखेंगे तो आपको पता चलेगा कि केवल यही नेता हैं जो भाजपा को रोक सकते हैं।

कांग्रेस पर हमला करते हुए रामा राव ने कहा कि एक तरफ राहुल गांधी कहते हैं कि (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) चौकीदार चोर हैं और दूसरी ओर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी मोदी को बड़ा भाई बताते हैं। बीआरएस नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पिछले साल विधानसभा चुनावों के दौरान एक अभियान चलाकर यह कहते हुए बीआरएस पार्टी की छवि खराब करने की कोशिश की थी कि क्षेत्रीय पार्टी भाजपा की ‘बी टीम’ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने दुर्भावनापूर्ण अभियानों से अल्पसंख्यक समुदायों के दिमाग में जहर भरने की कोशिश की लेकिन वे हैदराबाद में सफल नहीं हो सके जो बीआरएस का गढ़ है।

# होली समारोह के दौरान संप्रदायिक कट्टरपंथियों ने जनजातीय महिलाओं पर हमला किया : बंदी संजय कुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव बंदी संजय कुमार ने आरोप लगाया है कि दो दिन पहले यहां चेंगिचेरला में होली समारोह का अयोजन कर रही अनुसूचित जनजाति (एसटी)समुदाय की महिलाओं पर सांप्रदायिक कट्टरपंथियों ने हमला किया।

चेंगिचेरला में विभिन्न समुदायों से संबंधित दो समूहों के सदस्यों के बीच झड़प की घटना का एक वीडियो जारी करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार की तरह वर्तमान कांग्रेस सरकार तटस्थता से रहित होकर समाज के एक वर्ग का समर्थन कर रही है। उन्होंने सोमवार को जारी वीडियो में दावा किया कि अगर भाजपा या विश्व हिंदू परिषद का कोई नेता ‘हमले’ की शिकार महिलाओं से मिलने की कोशिश कर रहा है, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहती है कि समाज के सभी वर्गों के साथ समान व्यवहार किया जाए। कुमार ने कहा, भाजपा चेंगिचेरला में सांप्रदायिक रूप से कट्टर गुंडों जो ‘रजाकारों’ (हैदराबाद की पूर्व रियासत में निजाम शासन के सशस्त्र समर्थक) के उत्तराधिकारी हैं और असामाजिक तत्वों द्वारा अनुसूचित जनजाति की महिलाओं पर हमले की कड़ी निंदा करती है। उन्होंने दावा किया, बीआरएस को ‘हिंदू समाज’ ने दफन कर दिया है और कांग्रेस को यह एहसास करना चाहिए कि अगर उसने एक वर्ग का समर्थन किया तो उसका भी यही हश्र होगा।

# नरेशमुनि का वर्ष 2024 का चातुर्मास रायचूर में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




मैसूर में होली चातुर्मास समारोह

मैसूरु। नगर के गैलेक्सी कन्वेंशन सेंटर में श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वाधान में होली चातुर्मास का भव्य आयोजन श्री नरेश मुनिजी. म.सा एवं श्री शालिभद्र मुनिजी के सानिध्य में होली के अवसर पर आयोजित किया गया। स्वागत उद्बोधन संघ अध्यक्ष प्रकाश पीतलिया ने दिया। संचालन संपत कोठारी ने किया। त्रिशला महिला मंडल की सदस्याओं ने मंगल गीतिका प्रेषित की। ज्ञानशाला के बच्चों ने नाटिका के माध्यम से लेश्याओं का वर्णन किया। यशवंतपुरश्री संघ ने पूज्य दर्शन प्रभाजी के चातुर्मास की विनंती की। श्री ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कांफ्रेंस के कोयंबतूर जोन के अध्यक्ष विजयराज लोढ़ा, बानावार संघ के सोलंकी, मांड्या संघ के मदनलाल दलाल, बल्लारी संघ के भंवरलाल विनायकिया, गदग संघ के मनोज बाफना, हुब्बल्ली संघ के आशिक कोठारी, सिंधनूर संघ के महावीर चंद संचेती, बेंगलूरु के महावीर चंद मेहता ने अपने विचार रखे। समारोह के दौरान तिथि दर्शिका का विमोचन भी हुआ। सामूहिक गीतिका से रायचुर संघ ने चातुर्मास 2024 की विनंती की। श्री शालिभद्रजी ने अपने उद्बोधन में चार माइलस्टोन के बारे में बताया। प्रथम पुण्य साफ करता नहीं, द्वितीय पाप माफ करता नहीं, तृतीय झूठ कभी इंसाफ नहीं करता और चतुर्थ धर्म कभी मूड ऑफ करता नहीं। उन्होंने गीतिका व सटीक यतार्थ संबोधन से होली के असली मकसद का भी जिक्र किया। राष्ट्र संतश्री नरेश मुनिजी ने कहा कि जो दूसरों का सहयोगी बनता है, उसका सहयोग स्वयं हो जाया करता है और जिसने गुरु को अपने जीवन की डोर सौंप दी वह सदेव निर्भय बन जाता है। समारोह के दौरान श्री नरेश मुनिजी. म.सा का 2024 का चातुर्मास सभी आगारों के साथ रायचुर श्री संघ को प्रदान किया गया। जिससे उपस्थित श्रद्धालुओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। धन्यवाद संघ के मंत्री भेरुलाल कोठारी ने ज्ञापित किया। ये जानकारी राजेश कुमार गादिया ने दी।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# मुख्यमंत्री स्टालिन ने थूथुकुडी में मतदाताओं से की मुलाकात



## कनिमोई ने नामांकन पत्र दाखिल किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**थूथुकुडी।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को यहां अपनी पार्टी की उम्मीदवार और बहन कनिमोई के लिए चुनाव प्रचार किया और लोगों से उन्हें वोट देने की अपील की। कनिमोई ने आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। स्टालिन ने महिलाओं और मछुआरों सहित समाज के विभिन्न वर्गों से वोट मांगे। द्रमुक ने एक बयान में कहा कि समाज के इन वर्गों ने कनिमोई के पक्ष में मतदान करने का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री लायंस टाउन इलाके में एक मछुआरे के घर गए और वहां उनके परिवार के साथ चाय पी। उन्होंने यहां एक स्थानीय सब्जी बाजार का भी दौरा किया और चुनाव प्रचार किया।

स्टालिन के साथ उनकी बहन एवं स्थानीय सांसद कनिमोई, राज्य सरकार की मंत्री अनिता आर राधाकृष्णन और गीता जीवन के अलावा महापौर पी जीगन भी थे। कनिमोई लोकसभा चुनाव के लिए इसी संसदीय क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार भी हैं। स्टालिन ने मंगलवार सुबह यहां बाजार में लोगों एवं सब्जी विक्रेताओं से मुलाकात की और उनमें से कई लोगों के साथ सेल्फी भी खिंचवाई। उन्हें कुछ लोगों से हाथ मिलाते भी देखा गया।

द्रमुक की उप महासचिव कनिमोई ने बाद में थूथुकुडी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ अनीता राधाकृष्णन और गीता जीवन भी थीं। कनिमोई ने थूथुकुडी से चुनाव लड़ने का मौका देने के लिए अपने भाई और पार्टी अध्यक्ष स्टालिन को धन्यवाद दिया और चुनाव जीतने का विश्वास जताया। कनिमोई ने कहा, 'जब मुख्यमंत्री वोट मांगने के लिए लोगों से मिले तो लोगों ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनका समर्थन द्रमुक को है।'





# केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन ने दाखिल किया नीलगिरि लोकसभा क्षेत्र से नामांकन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई ।** वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन ने सोमवार को तमिलनाडु के नीलगिरी लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया।

उन्होंने अपना नामांकन पत्र नीलगिरि जिला कलेक्टर एम. अरुणा को सौंपा। भारतीय जनता पार्टी के तमिलनाडु अध्यक्ष के. अन्नामलाई और पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और समर्थक भी उनके साथ थे।

मुरुगन का मुकाबला मौजूदा सांसद और डीएमके उम्मीदवार ए. राजा और एआईएडीएमके के डी. लोकेश तमिलसेल्वन से है।

इस बीच, कलक्ट्रेट के बाहर भाजपा और अन्नाद्रमुक कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई और पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। दोनों पक्षों के कुछ कार्यकर्ता घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## स्टालिन ने चुनाव प्रचार किया, स्थानीय लोगों के साथ सेल्फी खिंचवाई

### तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने यहां एक स्थानीय सब्जी मंडी जाकर राज्य में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के लिए किया प्रचार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**थूथुकुडी।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को यहां एक स्थानीय सब्जी मंडी जाकर राज्य में 16 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के लिए प्रचार किया। स्टालिन के साथ उनकी बहन एवं स्थानीय सांसद कनिमोई, राज्य सरकार की मंत्री अनिता आर राधाकृष्णन और गीता जीवन भी थीं। कनिमोई लोकसभा चुनाव के लिए इसी संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार भी हैं।

स्टालिन ने मंगलवार सुबह यहां बाजार में लोगों एवं सब्जी विक्रेताओं से मुलाकात की और उनमें से कई लोगों के साथ सेल्फी भी खिंचवाई। उन्हें कुछ लोगों से हाथ मिलाते भी देखा गया। इससे पहले, स्टालिन ने पड़ोसी तिरुनेलवेली में सोमवार शाम को एक जनसभा में घोषणा की थी कि राज्य सरकार दिसंबर 2023 में आई बाढ़ के मद्देनजर मांगे गए 37,000 करोड़ रुपये के राहत पैकेज को देने से केंद्र के इनकार'' करने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय जाएगी।

## भारतीय मूल के गणितज्ञ, जनरल मोटर्स के संस्थापक निदेशक सुब्रमण्यम का निधन

**चेन्नई/न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के प्रख्यात गणितज्ञ एवं जनरल मोटर्स के संस्थापक व निदेशक डॉ. टी. एन. सुब्रमण्यम का मंगलवार को यहां निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। सुब्रमण्यम 1979 में अमेरिका में बस गए थे। वह भारत और अमेरिका में अकादमिक हलकों में काफी प्रसिद्ध थे। वह अपने पीछे गणित की दुनिया के लिए गणितीय मॉडल व सिद्धांतों की एक समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं। उन्हें जनरल मोटर्स द्वारा जीएम कारों के लिए गणितीय मॉडल बनाने के लिए काम पर रखा गया था। बाद में, उन्होंने ऑटोमोटिव विनिर्माण कंपनी के लिए रूट वन कंपनी की स्थापना की, जो सभी जीएम कारों तथा जीपीएस सिस्टम के लिए ऑटो-फाइनेंसिंग संभालती है।

सुब्रमण्यम ने अमेरिका में ट्रॉय (मिशिगन) में जनरल मोटर्स की साइट के सर्वर का आकार दिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी देश की अपनी एक यात्रा के दौरान उनसे व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की थी और उनके काम की सराहना की थी।





# ग्लूकोमा रोगी शिखर सम्मेलन का 29 को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** डॉ अग्रवाल आई हॉस्पिटल द्वारा ग्लूकोमा (मोतियाबिंद) रोगियों हेतु शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ ग्लूकोमा रोग से पीड़ित मरीजों को इस रोग से बचने के उपायों पर अपना संबोधन देंगे।

शिखर सम्मेलन में देश के अनेक हिस्सों से हजारों लोगों के भाग लेने की संभावना है। नेत्र रोग से पीड़ित सभी मरीजों की ग्लूकोमा जांच अस्पताल द्वारा निशुल्क की जाएगी। डॉ अग्रवाल आई हॉस्पिटल के क्लिनिकल सर्विसेज प्रमुख डॉक्टर अश्विन अग्रवाल ने बताया कि ग्लूकोमा अंधेपन का सबसे बड़ा कारण है। दुनिया भर में 80 मिलियन से अधिक लोग इस रोग से पीड़ित है। उन्होंने बताया कि भारत में ग्लूकोमा के करीबन 1.2 करोड़ मरीज है। उन्होंने कहा कि नियमित जांच और उपचार यदि सही समय पर किया जाए तो अंधेपन की हानि को काफी कम या पूर्णतया रोका जा सकता है। शिखर सम्मेलन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि अस्पताल द्वारा पहली बार ग्लूकोमा रोगी शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है ताकि कोई मरीज ग्लूकोमा से अकेले ना लड़े। शिखर सम्मेलन का आयोजन ग्लूकोमा से पीड़ित व्यक्तियों को ज्ञान आपसी संबंध और साझा अनुभव के माध्यम से एक दूसरे को सशक्त बनाएगा। शिखर सम्मेलन का सीधा प्रसारण डॉक्टर अग्रवाल आई हॉस्पिटल के देश भर में स्थित अनेक केंद्रों से किया जाएगा।


## द्रमुक नेता टी आर बालू के पास 17.4 करोड़ रुपये की संपत्ति



**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक के कोषाध्यक्ष एवं सांसद टी आर बालू ने अपने चुनावी हलफनामे में बताया है कि उनके पास कुल 17.4 करोड़ रुपये की संपत्ति है। 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण में पार्टी ने जिन उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है उनमें बालू सबसे वरिष्ठ नेता हैं। वरिष्ठ द्रमुक नेता ने हलफनामे में कहा है कि उनकी आय का स्रोत सांसद के तौर पर मिलने वाला वेतन है। इसके अलावा आय पर मिलने वाले ब्याज एवं कृषि भूमि से आय होने की बात कही गई है।

तमिलनाडु के श्रीपेरुम्बुदूर से दोबारा मैदान में उतरे बालू (82) के पास एक लाख 20 हजार रुपया नकद है। इसमें कहा गया है कि उनके पास 1,08,79,989.19 रुपये की चल संपत्ति है जबकि उनकी अचल संपत्तियों का बाजार मूल्य 16,31,36,000 रुपये है। इसके अनुसार उनके ऊपर 1,46,00,000 रुपये की देनदारी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री पोन राधाकृष्णन कन्याकुमारी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में हैं और उनके पास 55 हजार रुपये नकद तथा 64,03,778.36 रुपये की चल एवं 6,99,40,155 रुपये की अचल संपत्ति है जिनमें उन्हें विरासत में प्राप्त संपत्ति भी शामिल है। राधाकृष्णन (72) ने अपने हलफनामे में कहा है कि वह पेशे से अधिवक्ता हैं और उनके ऊपर कोई देनदारी नहीं है। प्रदेश के नीलगिरी (सु) निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन ने अपने चुनावी हलफनामे में कहा है कि उनके खिलाफ 23 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से अधिकतर, प्रदर्शनों के दौरान कानून का उल्लंघन करने के संबंध में हैं। हालांकि, किसी भी मामले में न तो आरोपपत्र दाखिल किया गया है और न ही दोषी ठहराया गया है। उनके पास कुल संपत्ति 1,72,45,396 रुपये की है जिसमें 69,50,000 रुपये की अचल संपत्ति शामिल है। मुरुगन (46) के पास 50 हजार रुपया नकद है जबकि उनकी कुल देनदारी 20,00,000 रुपये है। पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन (62) ने चेन्नई दक्षिण लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया है और उन्होंने अपने हलफनामे में कहा है कि उनके पास कुल 50 हजार रुपये नकद है जबकि 2.17 करोड़ रुपये की संपत्ति है, जिसमें 1,57,40,286 रपये की चल संपत्ति शामिल है। हलफनामे में कहा गया है कि पेशे से चिकित्सक तमिलिसाई की कुल देनदारी 58,54,789 रुपये की है।

## राधिका सरथकुमार के पास 53.45 करोड़ रु, विजया प्रभाकरन के पास 17.95 करोड़ रु की संपत्ति





**चेन्नई।** तमिलनाडु की विरुधुनगर सीट से उम्मीदवार- आर राधिका सरथकुमार और अभिनेता एवं नेता विजयकांत (देसिया मुरपोक्कु द्रविड़ कषगम) के बेटे वी विजया प्रभाकरन ने अपने-अपने चुनावी हलफनामों में क्रमश: 53.45 करोड़ रुपये और 17.95 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। अभिनेत्री से नेता बनीं राधिका ने दक्षिणी लोकसभा क्षेत्र से चुनावी किस्मत आजमाने के लिए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया। उनके पास 27,05,34,014 रुपये की चल संपत्ति है, जिसमें 33.01 लाख रुपये नकद, 750 ग्राम सोना और पांच किलोग्राम चांदी के आभूषण शामिल हैं।

राधिका अभिनेता एवं नेता आर सरथ कुमार की पत्नी हैं, जिन्होंने हाल में अपनी ऑल इंडिया समथुवा मक्कल काची' का भाजपा में विलय किया था। राधिका रादान मीडिया वर्क्स इंडिया लिमिटेड' की प्रबंध निदेशक हैं। राधिका (61) की अचल संपत्ति का मूल्य 26,40,00,000 रुपये है और उनके हलफनामे के अनुसार उनकी कुल देनदारियां 14.79 करोड़ रुपये हैं। विजया प्रभाकरन के पास 2.50 लाख रुपये नकद, 192 ग्राम सोना एवं 560 ग्राम चांदी है और उनकी चल संपत्ति का मूल्य 11,38,04,371.54 रुपये है। चुनावी राजनीति में पदार्पण कर रहे चेन्नई के 33 वर्षीय उम्मीदवार की अचल संपत्ति का मूल्य 6,57,55,000 रुपये है। उन पर कुल 12,80,78,587 रुपये की देनदारी है।

### बैठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर के गुजराती समाज भवन में रविवार को शाम भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अन्नामलाई, भाजपा के जिला अध्यक्ष जे. रमेशकुमार ने एक अहम बैठक की। सभी का स्वागत गुजराती समाज के अध्यक्ष प्रफुल सेजपाल ने किया। लगभग 4 घंटे चले इस बैठक में विभिन्न समाज के संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# स्टालिन ने श्रीलंका पर तमिलनाडु के मछुआरों के खिलाफ 'अघोषित युद्ध छेड़ने' का लगाया आरोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**थूथुकोडी (तमिलनाडु)/भाषा।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्रीलंका द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों पर हमले को केवल देख रहे हैं, जिसने राज्य के मछुआरों के खिलाफ ''अघोषित युद्ध छेड़ रखा है।''

स्टालिन ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सवाल किया कि मोदी तमिलनाडु के मछुआरों के खिलाफ हमलों पर श्रीलंका से सवाल करने में क्यों झिझक रहे हैं। स्टालिन ने सवाल किया कि यदि गुजरात के मछुआरों पर पाकिस्तान द्वारा हमला किया जाए तो क्या मोदी 'चुप' रहेंगे। उन्होंने सवाल किया, ''आप (मोदी) एक बड़े विश्व गुरु हैं, क्या आप तमिलनाडु के मछुआरों पर हमले के लिए श्रीलंका की निंदा नहीं कर सकते।

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष स्टालिन ने मोदी का मखौल उड़ाते हुए सवाल किया कि प्रधानमंत्री मोदी विश्व गुरु हैं या मौन गुरु।

उन्होंने कहा कि मछुआरों पर श्रीलंकाई हमलों पर तमिलनाडु के मछुआरे प्रधानमंत्री मोदी से जवाब मांग रहे हैं। स्टालिन ने आरोप लगाया कि 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले, मोदी ने मछुआरों पर श्रीलंकाई हमलों के लिए कांग्रेस को कमजोर बताया था, हालांकि, वह अब हमलों को केवल देख रहे हैं।

### तमिलनाडु सरकार ने मद्रास उच्च न्यायालय से कहा

# मुरुगन श्रीलंका वापस जा सकते हैं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने मंगलवार को मद्रास उच्च न्यायालय को बताया कि यहां स्थित श्रीलंकाई उच्चायोग ने राजीव गांधी हत्याकांड मामले में दोषी करार दिये गए मुरुगन को यात्रा दस्तावेज प्रदान कर दिया है और स्वदेश वापस भेजने का आदेश जारी होने पर वह घर लौट सकते हैं। मुरुगन उर्फ श्रीहरन श्रीलंकाई नागरिक हैं। वह इस हत्याकांड के उन सात दोषियों में से एक हैं जिन्हें 30 वर्ष से अधिक समय जेल में बिताने के बाद उच्चतम न्यायालय ने नवंबर 2022 में रिहा कर दिया था।



तमिलनाडु सरकार ने उच्च न्यायालय को बताया कि चेन्नई स्थित विदेशी नागरिक क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) द्वारा स्वदेश वापस भेजने का आदेश जारी किये जाने पर मुरुगन वापस श्रीलंका जा सकते हैं। अतिरिक्त सरकारी वकील आर मुनियप्पाराज ने यह दलील उस वक्त दी जब मुरुगन की याचिका न्यायमूर्ति आर सुरेश कुमार और न्यायमूर्ति के. कुमारेश बाबू की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई।

राज्य सरकार द्वारा एफआरआरओ को लिखे पत्र पर जवाब देते हुए मुनियप्पाराज ने दलील दी कि अस्थायी यात्रा दस्तावेज मूल रूप से श्रीलंकाई उच्चायोग ने याचिकाकर्ता को जारी किया था, जिसके आधार पर एफआरआरओ द्वारा आवश्यक स्वदेश वापसी आदेश जारी किया जाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 25 मार्च 2024 को एक पत्र के जरिये यह विषय एफआरआरओ के पास भेज दिया है। उन्होंने कहा कि स्वदेश वापस भेजने का आदेश एफआरआरओ द्वारा जारी किये जाने के बाद याचिकाकर्ता श्रीलंका लौट सकते हैं।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
क्षेत्रीय कार्यालय : कोयंबटूर
1087डी, तीसरी मंजिल, कृष्णा टावर्स, पप्पानैकेनपालयम, अविनाशी रोड, कोयंबटूर-641037
फोन : 0422-2240306 / 332

**नंबर 816, ओप्पनक्कारा स्ट्रीट, कोयंबटूर में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की इमारत की स्थापना के लिए प्रोजेक्ट आर्किटेक्ट/सलाहकार की नियुक्ति हेतु निविदा आमंत्रण की सूचना**

अग्रणी राष्ट्रीयकृत बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, नंबर 816, ओप्पनक्कारा स्ट्रीट, कोयंबटूर में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की इमारत की स्थापना के लिए प्रोजेक्ट आर्किटेक्ट / सलाहकार की नियुक्ति के लिए प्रतिष्ठित एजेंसियों से निर्धारित प्रारूप में दो बोली प्रणाली यानी तकनीकी बोली और वित्तीय/मूल्य बोली में मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित करता है।

इच्छुक विक्रेता तकनीकी बोलियां और वित्तीय/मूल्य बोलियां दस्तावेज यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, कोयंबटूर, 1087-डी, तीसरी मंजिल, कृष्णा टावर्स, पप्पानैकेनपालयम, अविनाशी रोड, कोयंबटूर - 641037 से 27.03.2024 से कार्यालय समय के दौरान प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in या सीपीपी पोर्टल www.eprocure.gov.in से डाउनलोड करें।

बोलियां दो लिफाफों में जमा की जानी चाहिए। लिफाफा नंबर 1 को तकनीकी बोली के रूप में चिह्नित किया जाएगा और इसमें अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से निकाले गए डिमांड ड्राफ्ट / पे ऑर्डर के रूप में ईएमडी, प्रीक्वालिफिकेशन आवेदन के साथ बोली लगाने वाले की तकनीकी बोली शामिल होगी। लिफाफा नंबर 2 को वित्तीय/मूल्य बोली के रूप में चिह्नित किया जाएगा। दोनों 2 लिफाफों को एक तीसरे लिफाफे में रखें, जिस पर उक्त विषय की निविदा लिखी हो और हमारे क्षेत्रीय कार्यालय, कोयंबटूर में 18.04.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक जमा कराएं।

तकनीकी बोलियां 18.04.2024 को अपराह्न 3.30 बजे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, कोयंबटूर, 1087-डी, तीसरी मंजिल, कृष्णा टावर्स, पप्पानैकेनपालयम, अविनाशी रोड, कोयंबटूर - 641037 में बोलीदाताओं / उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी।

बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

स्थान: कोयंबटूर
दिनांक: 27.03.2024
ह/-
क्षेत्रीय प्रमुख

# पवित सिंह नायर मेमोरियल टी-20 सम्पन्न

**चेन्नई।** पवित सिंह नायर मेमोरियल टी-20 अखिल भारतीय इंटर कॉलेजिएट क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 में जीत आसान नहीं थी। हम भाग्यशाली रहे हैं कि हमने पांच आईपीएल और दो चैंपियन लीग जीती हैं, चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच और न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान, स्टीफन फ्लेमिंग ने 23 मार्च को 10वें संस्करण के समापन अवसर पर कहा।



पुरुषों और महिलाओं के लिए पवित सिंह नायर मेमोरियल टी20 ऑल इंडिया इंटर कॉलेजिएट क्रिकेट टूर्नामेंट गुरु नानक कॉलेज (स्वायत्त), वेलाचेरी, चेन्नई की एक पोषित वार्षिक परंपरा है। टूर्नामेंट का उद्घाटन मिस्टर क्रिकेट - माइकल हसी, सीएसके बैटिंग कोच, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने किया। इस मौके पर हीरो मोटोकॉर्प के वरिष्ठ एरिया मैनेजर एम त्यागराजन, सीएसके के सीईओ कासी विश्वनाथन के साथ गवर्निंग काउंसिल के सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। कॉलेज के महासचिव मंजीत सिंह नायर ने टिप्पणी की, हीरो मोटोकॉर्प और जीएनसी ने क्रिकेट में प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए एक लंबा सफर तय किया है और इस मैदान ने कई प्रतिभाओं को जन्म दिया है। किसी भी खेल आयोजन में जीएनसी ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई बार विजेता या उपविजेता पुरस्कार प्राप्त किया है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के विजेताओं, एथिराज कॉलेज फॉर वुमेन और गुरु नानक कॉलेज - पुरुष टीम को स्टीफन फ्लेमिंग द्वारा पुरस्कृत किया गया। खिलाड़ी ढाई लाख रुपये के नकद पुरस्कार, ट्रॉफियां और प्रमाणपत्र अपने साथ ले गए। खिलाड़ियों को सम्मानित करने पर, स्टीफन फ्लेमिंग ने विजेताओं को पूरे सप्ताह दिखाए गए लचीलेपन और समर्पण के लिए बधाई दी।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
क्षेत्रीय कार्यालय : तिरुचिरापल्ली
आनंदा ग्रैंड, संख्या-11 बी/2 एवं बी/3, द्वितीय तल, शास्त्री रोड, तिल्लै नगर, तिरुचिरापल्ली - 620017

**पट्टे पर परिसर की आवश्यकता**

यूनियन बैंक आफ इंडिया को सारंगपाणि स्ट्रीट, कुम्बकोणम में स्थित शाखा को सारंगपाणि स्ट्रीट के आसपास स्थानांतरित करने के लिए 1700±10 प्रतिशत वर्ग फुट के कारपेट क्षेत्र के परिसर की आवश्यकता है, जो हमारे विनिर्देशानुसार कुम्बकोणम में भूतल में अच्छे अग्रभाग के साथ किराए के लिए तैयारप स्थिति में हो।

स्वामित्व रखने वाले या स्वामियों की तरफ से समझौता करने की शक्ति रखने वाले संभावित विक्रेता तकनीकी बोली/वाणिज्यिक बोली के प्रारूप नीचे दिए गए पते पर 27.03.2024 से कार्यालय समय के दौरान प्राप्त कर सकते है या बैंक की वेबसाइट (www.unionbankofindia.co.in) या (http://eprocure.gov.in) से डाउनलोड कर सकते हैं। तकनीकी और वाणिज्यिक बोलियों के साथ परिसर का प्रस्ताव अलग-अलग सीलबंद लिफाफे में 1. तकनीकी बोली, 2.वित्तीय (कीमत) बोली लिखकर निम्नलिखित पते पर पहुंचाना होगा। :

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, तिरुचिरापल्ली
संख्या-11 बी/2 एवं बी/3, द्वितीय तल, आनंदा ग्रैंड,
शास्त्री रोड, तिल्लै नगर, तिरुचिरापल्ली - 620017

जमा कराने की **अंतिम तिथि 10.04.2024 को अपराह्न 3.30 बजे** तक है।

**तकनीकी बोलियां 10.04.2024 की शाम को 4.00 बजे** विक्रेता/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उपर्युक्त पते पर खोली जाएंगी। किसी भी दलाल या मध्यस्थ को अनुमति नहीं है। बैंक बिना कोई कारण बताए प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

दिनांक : 27.3.2024
स्थान : तिरुचिरापल्ली
ह/-
सहायक महाप्रबंधक



# कांग्रेस ने हमेशा वोट की राजनीति कर केवल चुनाव जीतने का किया काम : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सीकर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश और देश में वर्ष 2014 से पहले की स्थिति का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर केवल वोट की राजनीति कर चुनाव जीतने का काम करने का आरोप लगाया और विश्वास दिलाते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केन्द्र एवं राज्य सरकार मिलकर किसान, गरीब सहित सभी लोगों के हित में काम करेगी। शर्मा मंगलवार को यहां लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती के नामांकन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के पहले का भारत, सीकर एवं राजस्थान की स्थिति को ध्यान में करना चाहिए कि उस दौरान तुष्टिकरण की राजनीति और आये दिन एक से बढ़कर एक घोटाले होते थे। देश की सुरक्षा का जिक्र करते हुए कहा कि उस दौरान कही भी आतंकवादी हमला हो जाता था और उस समय के प्रधानमंत्री दुखद घटना हुई है,केवल यह कहते हुए अपना पीछा छुड़ा लेते थे।

उन्होंने कहा कि लेकिन जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार आई हैं तब से किसान, गरीब सहित हर वर्ग के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर लोगों के हित में बढ़चढ़कर काम करेगी। उन्होंने अपनी राजस्थान सरकार का जिक्र करते हुए पानी के लिए हरियाणा सरकार के साथ यमुना जल को लेकर समझौता सहित अन्य कामों के बारे में बताते हुए कहा कि अभी तो सरकार को आये केवल सौ दिन ही हुए हैं आगे देखते रहिए जनहित में क्या क्या काम किए जायेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार हमेशा किसानों के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि जाटो को आरक्षण देने का काम भी सीकर की धरती से किया गया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने वोट लेने के अलावा कुछ नहीं किया और किसानों के बारे में कुछ नहीं सोचा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत ने सबसे पहले राजस्थान को यमुना के पानी के लिए समझौता करने के बारे में हरियाणा सरकार को पत्र लिखा जबकि कांग्रेस ने पानी के लिए हरियाणा सरकार को एक भी पत्र नहीं लिखा।

शर्मा ने कहा कि उनकी भाजपा सरकार बनने के बाद गत 17 फरवरी को यमुना के पानी के लिए समझौता किया गया और जनता को राहत देने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनता की समस्या पर पूरा ध्यान देने का काम करती है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा थोथी घोषणा करने का काम किया और छोटे-छोटे वादे भी पूरे नहीं किये गए और इन पर आज तक कोई काम नहीं हुआ है।

उन्होंने विश्वास दिलाते कहा कि जनता के बीच में कही गई हर बात को पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि काम करने की दृढ़ ईच्छा शक्ति होनी चाहिए और भाजपा सरकार में इसकी कोई कमी नहीं हैं और वह जनता के हित में कदम उठाने में कभी पीछे नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि पहले दृढ़ इच्छा शक्ति नहीं थी जबकि एसओजी तो पहले भी थी। लेकिन अब काम किया जा रहा है और पेपर लीक आदि मामलों में बड़ा से बड़ा कोई भी आरोपी क्यों नहीं हो वह बच नहीं सकेगा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने लगातार यमुना का पानी लाने का भरोसा देकर किसानों का ठगने का काम किया और चुनाव जीता हैं लेकिन अब हम एक एक वादे को पूरा करने का काम करेंगे।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आगामी लोकसभा चुनाव को देश के अस्तित्व का चुनाव बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है और अब आने वाले समय में देश दुनियां में तीसरी सबसे मजबूत अर्थ व्यवस्था भी बनेगा। इससे पहले मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री की मौजूदगी में स्वामी सुमेधानंद ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

## 2.35 करोड़ रुपये की करीब 40 किलोग्राम अफीम जब्त, दो गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले की पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 40.30 किलोग्राम अफीम जब्त की है। मामले में दो कथित तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जब्त मादक पदार्थ की कीमत 2.35 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार संगरिया थाना के थानाधिकारी धर्मपाल सिंह ने गश्त के दौरान चौटाला- हनुमानगढ़ रोड पर रतनपुरा गांव की ओर से आ रहे एवं पंजाब में पंजीकृत कैंटर वाहन को रुकवा कर तलाशी ली और उसमें 40 किलोग्राम 300 ग्राम अफीम बरामद की। पुलिस ने बताया कि मादक पदार्थ की बरामदगी के बाद गाड़ी में सवार पंजाब निवासी रणवीर बिश्नोई (46) एवं मिथिलेश पांडे (38) को गिरफ्तार कर लिया गया।

एक सरकारी बयान के अनुसार मामले में संगरिया थाना में एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रकरण की अग्रिम जांच टाउन थानाधिकारी द्वारा किया जा रहा है। बयान के अनुसार यह कार्यवाही पुलिस महानिरीक्षक ओम प्रकाश एवं हनुमानगढ़ पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध मादक पदार्थ व हथियारों के उपयोग पर रोक एवं इन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।



## नागौर सीट से भाजपा उम्मीदवार ज्योति मिर्धा ने नामांकन भरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नागौर। नागौर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार ज्योति मिर्धा ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नागौर कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्र दाखिल करते समय उनके साथ मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर भी मौजूद रहे। नागौर से पूर्व कांग्रेस सांसद मिर्धा 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गई थीं। नागौर सीट से राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक हनुमान बेनीवाल भी उम्मीदवार हैं। बेनीवाल इस बार कांग्रेस के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रहे हैं और उनकी पार्टी के साथ गठबंधन के तहत कांग्रेस ने यह सीट छोड़ी है।

राजस्थान में लोकसभा चुनाव दो चरणों में 19 और 26 अप्रैल को होंगे। पहले चरण के चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 27 मार्च तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। पहले चरण में 19 अप्रैल को 12 सीटों गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर में मतदान होगा। वहीं, दूसरे चरण में 13 सीटों टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।

इसके अलावा, बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली बागीदौरा विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी 26 अप्रैल को दूसरे चरण में होगा। यह सीट कांग्रेस विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय के कुछ दिन पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने के बाद खाली हुई थी। मालवीय बांसवाड़ा सीट से भाजपा उम्मीदवार के तौर पर लोकसभा चुनाव लड़ रहे है।

### नामांकन



सीकर में मंगलवार को लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के 'नामांकन पत्र' भरने जाते समय प्रदेश उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी उपस्थित रहीं।

## बस और कार की भिड़ंत में दंपति सहित चार लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में एक रोडवेज बस और कार की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई, जिससे कार सवार दंपति सहित चार लोगों की मौत हो गई और एक महिला घायल हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। चूनावढ़ पुलिस थाने के उप निरीक्षक राजीव रायल ने बताया कि यह घटना ततारसर गांव के पास की है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान पंजाब निवासी सूरजवीर (32), उनकी पत्नी मनदीप कौर (32), बेटी वाणी (एक), उनकी मां कुलदीप कौर (55) के रूप में हुई है। सूरजवीर की बहन मनवीर कौर घायल हो गई।

उन्होंने बताया कि घायल महिला को उपचार के लिये श्रीगंगानगर रेफर किया गया है।

उन्होंने बताया कि कार सवार परिवार के पांचों लोग पंजाब के मोगा से अपने परिचितों से मिलने के लिए पदमपुर आए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भिजवा दिया गया है। परिवार वालों के यहां पहुंचने पर पोस्टमार्टम करवाया जायेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बिरला से मुकाबले के लिए कांग्रेस ने उतारा गुंजल को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



कोटा। राजस्थान में कोटा-बूंदी की प्रतिष्ठापूर्ण संसदीय सीट से कांग्रेस ने सोमवार को जारी अपने प्रत्याशियों की सूची में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल को प्रत्याशी बनाकर मुकाबला दिलचस्प कर दिया है। संसदीय चुनाव में 70 के दशक में जनसंघ और बाद में भाजपा के वर्चस्व की छवि वाली रही कोटा-बूंदी संसदीय सीट वर्ष 2018 के पिछले लोकसभा चुनाव के बाद उस समय 'आम से खास' बन गई थी जब यहां से भाजपा के प्रत्याशी के रूप में लगातार दूसरी बार भारी मतों से चुनाव जीते ओम बिरला लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित हो गए थे।

इसी के साथ यह संसदीय सीट खास बन गई है, इसलिए इस बार भी क्योंकि यहां से केवल भाजपा के प्रत्याशी के रूप में बिरला चुनाव नहीं लड़ रहे हैं बल्कि लोकसभा अध्यक्ष रहते हुए वे भाजपा के प्रत्याशी हैं। इस सीट की प्रतिष्ठा राजस्थान की शेष 24 लोकसभा सीटों से कहीं अधिक और रोचक भी है। संसदीय क्षेत्र में कोटा एवं बूंदी जिलों की कुल आठ विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं जिनमें कोटा जिले की कोटा उत्तर, कोटा दक्षिण, लाडपुरा, रामगंजमंडी, सांगोद, पीपल्दा जबकि बूंदी जिले की बूंदी, केशवरायपाटन विधानसभा सीटें शामिल हैं। नवंबर महीने में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों को मद्देनजर रखकर यदि आकलन किया जाए तो जिले की छह विधानसभा सीटों में से केवल दो सीटें कोटा उत्तर और पीपल्दा ही विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के हाथ लगी थी जबकि भाजपा के हिस्से में चार सीटें कोटा दक्षिण, लाडपुरा,रामगंजमंडी, सांगोद आई थी जिसमें से सांगोद विधानसभा सीट भाजपा ने कांग्रेस से छीनी थी।

इसके विपरीत बूंदी जिले में भाजपा के नजरिए से स्थिति बिल्कुल नकारात्मक रही थी। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में बूंदी जिले की तीन विधानसभा सीटों में से दो बूंदी एवं केशवरायपाटन भाजपा ने जीती थी। कांग्रेस के हिस्से में केवल हिंडोली सीट आई थी। इस साल नवम्बर में हुए विधानसभा चुनाव में स्थिति पूरी तरह से बदल गई और जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र से भाजपा का पत्ता साफ हो गया क्योंकि इस बार तीनों सीटें कांग्रेस ने भाजपा को हरा कर जीत ली। हालांकि कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र में बूंदी जिले की दो ही विधानसभा सीटें ही शामिल है क्योंकि हिंड़ोली सीट भीलवाड़ा संसदीय सीट में शामिल हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की दृष्टि से उसके लिए एक सकारात्मक पहलू यह भी रहा कि दोनों जिलों में जिन मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, उन्होंने कांग्रेस की तुलना में भाजपा को कहीं अधिक वोट दिए।

कोटा जिले की छह विधानसभा सीटों पर पिछले विधानसभा चुनाव में जितने मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया, उनमें से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को पांच लाख 74 हजार 268 मत मिले जबकि इसकी तुलना में कांग्रेस को एक लाख 4 हजार 91 कम यानी पांच लाख 16 हजार 268 वोट ही हासिल हुए। भाजपा ने कोटा जिले में सीटे भी अधिक हासिल की तो मतदाताओं के वोट भी अधिक बटोरे।

इसके विपरीत बूंदी जिले में स्थिति उलट रही। जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर भाजपा का पत्ता साफ हो गया जिसमें कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र में शामिल दोनों सीटें बूंदी एवं केशवरायपाटन भी शामिल हैं। इन दोनों सीटों के चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले कुल तीन लाख 67 हजार 395 में से मतदाताओं में से दो लाख एक हजार 648 मतदाताओं ने कांग्रेस तो एक लाख 65 हजार 747 मतदाताओं ने भाजपा में विश्वास जताया था।

## भाजपा ने राजस्थान में दो और उम्मीदवारों की घोषणा की, मौजूदा सांसदों के टिकट काटे

**लोकसभा चुनाव**



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान में लोकसभा चुनाव के लिए दो और उम्मीदवारों की घोषणा मंगलवार को की। इसके तहत पार्टी ने इन सीट से दोनों मौजूदा सांसदों के टिकट काट दिए। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को तीन उम्मीदवारों की छठी सूची नयी दिल्ली में जारी की। इसमें पार्टी ने राजस्थान के दौसा (अनुसूचित जनजाति) संसदीय क्षेत्र से कन्हैया लाल मीणा और करौली-धौलपुर (अनुसूचित जाति) लोकसभा सीट से इंदु देवी जाटव को उम्मीदवार बनाया है। जाटव करौली पंचायत की प्रधान रही हैं तो कन्हैयालाल पूर्व विधायक हैं।

इस तरह से पार्टी ने दौसा सीट से निवर्तमान सांसद जसकौर मीणा और करौली-धौलपुर से निवर्तमान सांसद मनोज राजोरिया का टिकट काट दिया है। कांग्रेस ने दौसा से मुरारी लाल मीणा और करौली-धौलपुर से भजनलाल जाटव को टिकट दिया है। भाजपा ने राजस्थान की 25 लोकसभा सीट में से 24 पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। भीलवाड़ा सीट के लिए प्रत्याशी घोषित किया जाना बाकी है।

वहीं कांग्रेस ने अब तक कुल 22 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने सीकर सीट मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और नागौर सीट राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के साथ गठबंधन के तहत छोड़ी है। पार्टी ने बांसवाड़ा सीट पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है।

राजस्थान में लोकसभा चुनाव दो चरणों में 19 और 26 अप्रैल को होंगे। पहले चरण के चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 27 मार्च तक नामांकन किए जा सकते हैं। 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। पहले चरण में 19 अप्रैल को 12 सीट श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर में मतदान होगा। दूसरे चरण में 13 सीट टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसके अलावा, बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली बागीदौरा विधानसभा सीट पर भी उपचुनाव 26 अप्रैल को होगा। यह सीट, कांग्रेस विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय के कुछ दिन पहले भाजपा में शामिल होने के बाद खाली हुई थी।





## होली का त्योहार उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक एवं रंगों का त्योहार होली सोमवार को यहां आमजन के साथ मनाया तथा उनके साथ होली खेली और उन्हें खुलकर गले लगाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित होली कार्यक्रम में शर्मा ने आमजन के साथ होली खेलकर इस पर्व पर एक बार फिर खुद को आमजन का मुख्यमंत्री साबित करते हुए रंगों के इस त्योहार को और आनन्दमय बना दिया।

सुबह करीब नौ बजे शुरु हुए इस कार्यक्रम में रंग, लोकगीत और लोकनृत्यों के इस धमाल में प्रदेश में बरसों बाद ऐसा दृश्य दिखा जिसमें किसी मुख्यमंत्री ने आमजन को खुलकर गले लगाया और गुलाल-अबीर-पुष्प से होली खेली। इससे मुख्यमंत्री का आमजन से होली मिलन कार्यक्रम एक औपचारिक कार्यक्रम न रहकर एक ऐसा आयोजन बन गया जिसमें सारी औपचारिक मन बाधाएं टूट गईं और सब स्नेह रंग में एकाकार हो गए।

इस अवसर पर कृष्ण और राधा की बृज होली और लट्ठमार होली का आयोजन भी किया गया। मुख्यमंत्री लगातार चार घंटे तक सपत्नीक जनता के बीच रहे।

इस दौरान भगवान कृष्ण और श्रीराम के भजनों पर लोग झूमे और मुख्यमंत्री उनका उत्साहवर्धन करते रहे। सुबह से ही मुख्यमंत्री निवास पर लोगों का तांता लगा रहा और बुजुर्ग, महिलाएं, युवा और बच्चे सहित सभी मुख्यमंत्री के साथ होली खेलने के लिए उमड़ पड़े और इस दौरान मुख्यमंत्री ने सादगीपूर्वक लोगों के गुलाल एवं उसका टीका लगाकर उनके साथ होली खेली। इस दौरान लोगों ने भी शर्मा के गुलाल लगाकर होली मनाई।



## बाड़मेर-जैसलमेर के कई कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार राजस्थान के मिशन 25 को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जुटी हुई है और इसी के तहत सोमवार को बाड़मेर -जैसलमेर के कांग्रेस के कई सक्रिय नेता भाजपा में शामिल हो गए और उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की।

इन नेताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी एंव प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी , जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी एवं ज़िलाध्यक्ष जैसलमेर चंद्रप्रकाश सहाडा आदि मौजूद थे।

भाजपा सदस्यता ग्रहण करने के बाद इन नेताओं ने भाटी के साथ मुख्यमंत्री से मुलाक़ात की और सभी ने लोकसभा चुनाव मे पूरी ताकत से पार्टी को विजय दिलवाने का संकल्प किया।

## असम के मुख्यमंत्री हिमंत शर्मा का दावा,

# राहुल और उनके समर्थकों का भविष्य अंधकार में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तेजपुर (असम)/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दावा किया कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और उनके समर्थकों का भविष्य अंधकार में है। उन्होंने यह भी दावा किया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा अगले साल की शुरुआत तक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो जाएंगे। बहरहाल, बोरा ने मुख्यमंत्री के दावे को मंगलवार को खारिज कर दिया और कहा कि शर्मा वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए 'माइंड गेम' (दिमाग का खेल) खेल रहे हैं।

शर्मा ने कांग्रेस को भाजपा का 'सावधि जमा' (फिक्स्ड डिपोजिट) बताया जहां से वह जरूरत पड़ने पर सदस्यों को ले लेती है। शर्मा ने सोमवार शाम को सोनितपुर निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार रंजीत दत्ता के आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा, मैं कह सकता हूं कि जनवरी-फरवरी 2025 तक भूपेन बोरा भाजपा में शामिल होंगे। मैंने उनके लिए दो निर्वाचन क्षेत्र तैयार रखे हैं, हालांकि अभी उनका नाम नहीं बताऊंगा।

विपक्षी दल कांग्रेस को भाजपा का 'फिक्स्ड डिपोजिट' बताते हुए शर्मा ने दावा किया, जब भी जरूरत होती है, हम उन्हें ले आते हैं।

शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के लिए वोट करने का मतलब राहुल गांधी के लिए वोट करना है और भाजपा के लिए वोट करने का मतलब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए वोट करना है। उन्होंने दावा किया, जो



लोग मोदी को प्यार करते हैं और भारत को 'विश्व गुरु' बनाना चाहते हैं, वे भाजपा के लिए वोट करेंगे। राहुल गांधी का भविष्य अंधकार में है, उनके समर्थकों का भविष्य भी अंधकार में है। उन्होंने यह भी दावा किया कि अगर वह सोनितपुर में कांग्रेस उम्मीदवार को फोन करते हैं तो वह भी भाजपा में शामिल हो जाएंगे। शर्मा ने कहा, यहां से चुनाव लड़ रहे व्यक्ति को अगर मैं फोन करूं तो वह तुरंत हमारे खेमे में शामिल हो जाएंगे लेकिन मैं चुनाव के बाद फोन करूंगा। हम नहीं चाहते कि वह नामांकन वापस लें क्योंकि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोगों का समर्थन दिखाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हनुमान ने अपना सीना चीरकर प्यार दिखाया था। कलयुग में हमें वोटों के जरिए प्यार दिखाना होगा। जोरहाट में मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में असम कांग्रेस के अध्यक्ष भूपेन बोरा ने मुख्यमंत्री के दावे को खारिज कर दिया और कहा कि शर्मा असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए 'दिमाग का खेल' खेल रहे हैं।

बोरा ने पूछा, मैं पूछना चाहता हूं कि मुझे भाजपा में शामिल क्यों होना चाहिए? अगर मैं शामिल हो जाता हूं तो क्या वर्षों से अनुसूचित जनजाति का दर्जा मांग रहे छह समुदायों को यह मिल जाएगा? क्या नई नौकरियां सृजित होंगी? क्या भूमिहीन स्वदेशी परिवारों को भूमि अधिकार मिल जाएंगे?'' प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मुख्यमंत्री 'माइंड गेम' खेल रहे हैं। जब भी हम ज्वलंत मुद्दों पर बात करते हैं तो वह ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं क्योंकि उनके पास कोई समाधान नहीं है। लेकिन कांग्रेस ऐसे 'माइंड गेम्स' के जाल में नहीं फंसेगी। कांग्रेस ने मौजूदा विधायक रंजीत दत्ता के खिलाफ प्रदेश पार्टी महासचिव प्रेमलाल गंजू को उम्मीदवार बनाया है। दत्ता राज्य के पूर्व मंत्री और पूर्व भाजपा अध्यक्ष भी हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होगा। भाजपा असम की कुल 14 में से 11 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उसने दो सीटें असम गण परिषद और एक सीट यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल के लिए छोड़ दी है।

## उच्चतम न्यायालय ने मणिपुरी युवती की मौत की सीबीआई जांच का आदेश दिया

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने दक्षिण दिल्ली में किराए के एक मकान में 2013 में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाई गई 25 वर्षीय मणिपुरी युवती की मौत की सीबीआई जांच का निर्देश देते हुए कहा कि अनसुलझे अपराध उन संस्थानों में लोगों का विश्वास घटा देते हैं जिनकी स्थापना कानून-व्यवस्था बरकरार रखने के लिए की गई है। किराए के जिस मकान में यह घटना हुई थी उसके मालिक ने 29 मई 2019 को उक्त परिसर में मृतका ए. एस. रेनगाम्फी का शव पड़ा पाया, जिसके बाद उसी दिन पूर्वाह्न 11 बजे उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारण का पता नहीं चल सका था।

मालवीय नगर पुलिस थाने में, अज्ञात आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाने) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। जांच मालवीय नगर अपराध शाखा को हस्तांतरित कर दी गई, और मृतका के रिश्तेदारों के अनुरोध पर मामले में आईपीसी की धारा 302 (हत्या) जोड़ी गई। बाद में, मृतका के दो रिश्तेदारों ने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया था।








## वांगचुक ने 21 दिनों से जारी अपनी भूख हड़ताल खत्म की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लेह/भाषा।** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने लद्दाख के लिये राज्य के दर्जे तथा संविधान की छठी अनुसूची में उसे शामिल करने की मांग के समर्थन में 21 दिनों से जारी अपनी भूख हड़ताल मंगलवार शाम समाप्त कर दी। उससे पहले दिन में, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इस केंद्रशासित प्रदेश के लोगों से किये गये वादे को पूरा करने की फिर से अपील की। उन्होंने लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव में देश के हित में ''बहुत सावधानी से'' अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का भी आह्वान किया।

एक बच्ची के हाथ से जूस पीकर वांगचुक ने अपनी भूख हड़ताल समाप्त की। वांगचुक ने कहा, '' भूख हड़ताल का पहला चरण आज समाप्त हो रहा है, लेकिन यह आंदोलन का अंत नहीं है।'' शिक्षा के क्षेत्र के मशहूर सुधारक वांगचुक ने कहा कि भूख हड़ताल की समाप्ति वर्तमान आंदोलन के नये चरण की शुरुआत है। उन्होंने कहा, '' हम (अपनी मांग के समर्थन में) अपना संघर्ष जारी रखेंगे। आंदोलनस्थल पर 10000 लोगों का एकत्र होना तथा पिछले 20 दिनों में 60000 से अधिक अन्य लोगों की भागीदारी लोगों की आकांक्षाओं का प्रमाण है।''

वांगचुक छह मार्च से शून्य से भी नीचे तापमान में 'जलवायु उपवास' पर बैठे थे। उससे एक दिन पहले लेह के 'एपेक्स बॉडी' और 'कारगिल डेमोक्रेटिक एलायंस' (केडीए) के संयुक्त प्रतिनिधियों की केंद्र सरकार के साथ वार्ता में गतिरोध उत्पन्न हो गया था। ये दोनों ही संगठन साथ मिलकर लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची में उसे शामिल करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

## कांग्रेस युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा उन्हें भटकाना : राहुल गांधी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रोजगार के मुद्दे को लेकर मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि उनकी पार्टी युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा उन्हें भटकाना चाहती है। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, नरेन्द्र मोदी जी, क्या आपके पास रोज़गार के लिए कोई योजना थी भी? यही सवाल आज हर युवा की ज़ुबान पर है। गली-गली, गांव-गांव भाजपा वालों से पूछा जा रहा है- आखिर हर साल दो करोड़ नौकरी देने का झूठ क्यों बोला गया था?'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 'युवा न्याय' के तहत रोज़गार क्रांति का संकल्प लिया है।

कांग्रेस नेता के अनुसार, हमारी गारंटी है कि हम सरकार में आते ही 30 लाख सरकारी पदों को भरेंगे, हर शिक्षित युवा को 'पहली नौकरी पक्की' योजना के तहत 1 लाख रुपए सालाना की नौकरी देंगे और कानून बना कर पेपर लीक से मुक्ति दिलाएंगे। राहुल गांधी ने कहा, यह वक्त दो विचारधाराओं की नीतियों के फर्क को पहचानने का है। कांग्रेस युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा उन्हें भटकाना। भ्रम का जाल तोड़ कर युवाओं को अपने ही हाथों अपनी तकदीर बदलनी होगी। देश में 'रोज़गार क्रांति' लानी होगी।

## लोकसभा चुनाव में हार को भांपते हुए विपक्ष कर रहा है विभाजनकारी राजनीति : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विपक्षी दलों के नेताओं पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर उनकी ताजा टिप्पणी के लिए मंगलवार को निशाना साधा और उन पर लोकसभा चुनाव में अपनी हार को भांपते हुए देश का माहौल खराब करने के लिए 'विभाजनकारी राजनीति' में लिप्त होने का आरोप लगाया।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोगों से अपील की कि वे देश की प्रगति के लिए मोदी को वोट देकर आगामी संसदीय चुनावों में इस तरह की 'शक्तियों' को खारिज कर दें और उन्हें करारा जवाब दें।

त्रिवेदी ने कर्नाटक के मंत्री शिवराज तंगादगी के 'मोदी, मोदी के नारे लगाने वाले युवाओं को थप्पड़ मारने' वाले बयान की आलोचना की और उन पर चुनाव प्रचार के दौरान



लोगों को हिंसा के लिए उकसाने का आरोप लगाया।

भाजपा नेता ने कहा कि तंगादगी की टिप्पणी यह भी दिखाती है कि 'राहुल गांधी की कांग्रेस' का महात्मा गांधी के आदर्शों से कोई लेना-देना नहीं है जिन्होंने हमेशा अहिंसक विरोध का समर्थन किया। उन्होंने कांग्रेस से पूछा कि क्या वह देश में इस तरह का लोकतंत्र स्थापित करना चाहती है?

त्रिवेदी ने कहा, चुनाव में उनकी आसन्न हार को देखते हुए इस तरह की टिप्पणियां हताशा में हिंसा तक पर उतरने की खतरनाक प्रवृत्ति का प्रतीक हैं। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस यह स्पष्ट करे कि इस तरह के 'विभाजनकारी एवं हिंसक भड़काऊ' बयानों की लोकतंत्र में क्या कोई प्रासंगिकता है? उन्होंने अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट की गई एक टिप्पणी को लेकर विपक्षी दल की आलोचना करते हुए कहा कि यह साबित करता है कि कांग्रेस और इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) कुछ अज्ञात ताकतों के हाथों में खेल रहे हैं।

त्रिवेदी ने कहा, उन्होंने (सुप्रिया श्रीनेत) यह कहते हुए पोस्ट हटा दी कि उनके (सोशल मीडिया) अकाउंट तक पहुंच रखने वाले किसी व्यक्ति ने इसे पोस्ट किया है। इससे साफ होता है कि कांग्रेस के सोशल मीडिया अकाउंट कहां से संचालित होते हैं। देश को यह समझना चाहिए कि कांग्रेस द्वारा इस तरह की नकारात्मक और कायरतापूर्ण टिप्पणियां जानबूझकर ही नहीं बल्कि एक साजिश के रूप में की जाती हैं।

त्रिवेदी ने आरोप लगाया, इससे साबित होता है कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन कुछ अज्ञात ताकतों के हाथों में खेल रहे हैं।

## सीतारमण ने अटल पेंशन योजना पर कांग्रेस के आरोपों को खारिज किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कांग्रेस के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि अटल पेंशन योजना (एपीवाई) बेहतर व्यवहार विकल्प के आधार पर डिजायन की गई है और यह न्यूनतम आठ प्रतिशत रिटर्न की गारंटी देती है।

वित्त मंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अटल पेंशन योजना को सर्वोत्तम विकल्प के आधार पर डिजायन किया गया है ताकि ग्राहक द्वारा विकल्प नहीं चुनने तक स्वचालित रूप से प्रीमियम भुगतान जारी रहे। यह सुविचारित और लाभकारी सुविधा है जो ग्राहकों के सर्वोत्तम हित में है। लोगों को हर साल योजना जारी रखने का निर्णय लेने के बजाय, छोड़ने



का निर्णय लेना होगा, इससे उनमें से कई लोग सही निर्णय लेते हैं और अपनी सेवानिवृत्ति के लिए बचत करते हैं। इससे पहले कांग्रेस ने अटल पेंशन योजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि यह एक 'बहुत खराब तरीके से डिजायन की गई योजना' और 'कागजी शेर' है जिसके लिए अधिकारियों को लोगों को धोखा देने और इसमें भाग लेने के लिए मजबूर करना पड़ता है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह योजना 'मोदी सरकार की हेडलाइन प्रबंधन की नीति की तरह है और बहुत कम लोगों को वास्तविक रूप से इसका लाभ मिल रहा है। उनका हमला एक मीडिया रिपोर्ट के बाद आया जिसमें दावा किया गया था कि असंगठित क्षेत्र के लिए केंद्र सरकार की अटल पेंशन योजना (एपीवाई) से बाहर निकलने वाले तीन ग्राहकों में से कम से कम एक ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि उनके खाते उनकी 'स्पष्ट' अनुमति के बिना खोले गए थे। रिपोर्ट में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के हालिया नमूना अध्ययन का हवाला दिया गया है। रमेश पर हमला करते हुए सीतारमण ने कहा कि उन्होंने गारंटीकृत पेंशन योजना पर तथ्यों की जांच करने की जहमत नहीं उठाई। मौजूदा ब्याज दरों और रिटर्न की परवाह किए बिना एपीवाई के तहत न्यूनतम रिटर्न भारत सरकार द्वारा कम से कम आठ प्रतिशत होने की गारंटी है।

## झारखंड के एक गांव में जंगली सुअर ने मचाया उपद्रव, एक व्यक्ति की मौत, छह घायल

**सिमडेगा/भाषा।** झारखंड के सिमडेगा जिले में मंगलवार को एक जंगली सुअर के उपद्रव में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक यह घटना राजधानी रांची से लगभग 140 किलोमीटर दूर पिथरा पंचायत में हुई, जब ग्रामीण होली मनाने की तैयारी कर रहे थे।

सिमडेगा के प्रभागीय वन पदाधिकारी (डीएफओ) विकास कुमार ने कहा, यह पहली बार है जब किसी जंगली सुअर ने पंचायत में इतना नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले यह क्षेत्र हाथियों की आवाजाही के कारण भी प्रभावित रहा है। मृतक की पहचान निकोलस टोप्पो के रूप में की गई। वन संरक्षक अधिकारी एस एस चौधरी ने कहा कि मृतक के परिजनों को तत्काल राहत के रूप में 10,000 रुपए दिए गए, जबकि घायलों को 5,000 रुपए दिए गए। चौधरी ने कहा कि पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि सुअर ने ऐसा आक्रामक व्यवहार क्यों किया।

## 'आप' का प्रदर्शन : पंजाब के मंत्री, सोमनाथ भारती समेत कई नेता हिरासत में लिए गए





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) मंगलवार को यहां सड़कों पर उतरी और जब उसके कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने 'इंकलाब जिंदाबाद' और 'केजरीवाल जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए पटेल चौक से लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री निवास की ओर कूच करने की कोशिश की तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया। राष्ट्रीय राजधानी को 'किले' में तब्दील किए जाने का दावा करते हुए आप की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस तरह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार ने 'शहर भर' में धारा 144 के तहत पाबंदियां लगायी हैं, उससे ऐसा लगता है कि दिल्ली 'पुलिस राज्य' बन गई है।

पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास के आसपास के इलाके समेत राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में भी सुरक्षा कड़ी कर रखी है। पुलिस ने अपने कर्मियों के साथ-साथ अर्धसैनिक बलों के कर्मियों को भी तैनात किया है।

लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन बंद कर दिया गया है जबकि पटेल चौक और केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशनों पर भी अगले आदेश तक प्रवेश एवं निकास संबंधी कुछ बंदिशें लगायी गई हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती, दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़लान, और पंजाब सरकार के मंत्री हरजोत सिंह बैंस समेत पार्टी के कई नेताओं/कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। राय ने कहा, मैं केंद्र को चेतावनी देना चाहता हूं कि पुलिस बल का प्रयोग करने से यह आंदोलन नहीं रुकेगा। उन्होंने दावा किया कि पार्टी की महिला कायकर्ताओं को घसीटा गया और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। 'आप' के कार्यकर्ता और नेता सुबह से ही समूह में पटेल चौक मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचने लगे क्योंकि पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोक कल्याण मार्ग स्थित आधिकारिक आवास को घेरने के लिए मार्च का आह्वान किया था।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पटेल चौक क्षेत्र में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लगायी गई है और पुलिस किसी को भी जमा होने की अनुमति नहीं दे सकती। उन्होंने कहा कि इसके मद्देनजर, हमें इस क्षेत्र को खाली कराना है।

## अवकाश विवाद पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, शिक्षा विभाग शिक्षकों से 'बंधुआ मजदूर' जैसा व्यवहार कर रहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि बिहार में शिक्षा विभाग सरकारी शिक्षकों को ''भयभीत'' कर रहा है और होली के पर्व पर अवकाश से वंचित करके उनसे ''बंधुआ मजदूर'' जैसा व्यवहार किया जा रहा है।

बेगुसराय लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सिंह का यह बयान शिक्षा विभाग के उस आदेश के एक दिन बाद आया है, जिसमें चेतावनी देते हुए कहा गया था कि जो शिक्षक वर्तमान में आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम से अनुपस्थित



रहेगा, उसका वेतन काट लिया जाएगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सहयोगी पार्टी भाजपा के वरिष्ठ नेता ने मंगलवार को 'एक्स' पर कहा, शिक्षक बंधुआ मजदूर नहीं हैं। शिक्षा विभाग बस उन्हें भयभीत कर रहा है और शिक्षकों को आज (मंगलवार) होली के दिन भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

सिंह ने एक वीडियो बयान में कहा, मैं शिक्षकों और उनके परिवारों के साथ हूं और उनके हितों के लिए लड़ूंगा।

## भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों की छठी सूची जारी की

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों की छठी सूची जारी कर दी। इसमें राजस्थान से दो और मणिपुर से एक उम्मीदवार के नाम की घोषणा की गई है। पार्टी ने राजस्थान के दौसा संसदीय क्षेत्र से कन्हैया लाल मीणा और करौली-धौलपुर लोकसभा सीट से इंदू देवी जाटव को उम्मीदवार बनाया है। दौसा सीट से वर्तमान सांसद जसकौर मीणा का पार्टी ने टिकट काट दिया है। कांग्रेस ने मुरारी लाल मीणा को उम्मीदवार घोषित किया है। करौली-धौलपुर लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद मनोज राजोरिया हैं। इन्होंने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। पार्टी ने उनका भी टिकट काट दिया है। कांग्रेस ने भजनलाल जाटव को टिकट दिया है।

# मेरा नाम इन दिनों केवल टी20 क्रिकेट को बढ़ावा देने से जुड़ा है, मैं अब भी इसके काबिल हूं : कोहली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए विराट कोहली की भारतीय टीम में जगह को लेकर चल रही चर्चा के बीच इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा कि वह अब भी इस प्रारूप में खेलने के काबिल हैं। कोहली अपने बेटे के जन्म के कारण दो महीने तक क्रिकेट से बाहर रहे। उन्होंने सोमवार को आईपीएल मैच में 49 गेंद पर 77 रन बनाए जिससे उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स को हराकर अपना खाता खोला। कोहली को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने मैच के बाद कहा, मैं जानता हूं कि इन दिनों जब भी टी20 क्रिकेट की बात आती है तो दुनिया के कई हिस्सों में मेरा नाम खेल को बढ़ावा देने से जोड़ दिया जाता है। लेकिन मैं अब भी इसके काबिल हूं। पूर्व भारतीय कप्तान को कुछ भी



साबित करने की जरूरत नहीं है लेकिन उनका मानना है कि टी20 प्रारूप में अपने खेल में लगातार सुधार करने की जरूरत होती है। कोहली से जब तेज गेंदबाजों के खिलाफ ऑफ साइड में हवा में शॉट खेलने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, आपको अपने खेल में हमेशा कुछ नया जोड़ना होता है। लोग जानते हैं कि मैं कवर ड्राइव अच्छी तरह से खेलता हूं इसलिए वह मुझे खाली स्थान पर शॉट नहीं लगाने देंगे। ऐसे में आपको एक रणनीति के साथ उतरना होता है और अपने खेल में लगातार सुधार की कोशिश करनी होती है। कोहली अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की शृंखला में नहीं खेल पाए थे। इस बीच उन्होंने अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताया। उन्होंने कहा, हम देश में नहीं थे। हम एक ऐसी जगह पर थे जहां लोग हमें पहचान नहीं रहे थे। मैंने दो महीने तक आम आदमी की तरह अपने परिवार के साथ समय बिताया। हमारे लिए एक परिवार के रूप में यह शानदार अनुभव था। मैं ईश्वर का आभारी हूं कि मुझे अपने परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिला। कोहली ने कहा, एक आम आदमी की तरह सड़क पर टहलना, किसी का आपको नहीं पहचान पाना और आम लोगों की तरह रोजमर्रा की जिंदगी जीना, अद्भुत अनुभव था।

## दुष्प्रचार के लिए अलगाववादियों के परिजनों को किया जा रहा परेशान : महबूबा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को आरोप लगाया कि जम्मू कश्मीर में अधिकारी दुष्प्रचार को बढ़ावा देने के लिए अलगाववादियों के परिजनों को परेशान कर रहे हैं। उनकी टिप्पणी जेल में बंद अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह की बेटी समा शब्बीर और दिवंगत पाकिस्तान समर्थक सैयद अली शाह गिलानी की नातिन रुवा शाह द्वारा अलगाववादी विचारधारा से खुद को अलग करने और भारत संघ की संप्रभुता के प्रति अपनी वफादारी का संकल्प जताने के बाद आई है।

जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, कश्मीर ने ऐसा समय देखा है जब बंदूकधारी आतंकवादियों ने राजनीतिक कार्यकर्ताओं को खुद को मुख्यधारा से अलग करने के लिए धमकाया और मजबूर किया और ऐसा न करने पर उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। आज वही पैटर्न दोहराया जा रहा है और जो बात और भी अधिक परेशान करने वाली है वह यह है कि यह भूमिका स्वयं राज्य द्वारा निभाई जा रही है। वे अलगाववादियों के परिवारों को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कहा, दुष्प्रचार के लिए उनकी बेटियों तक को नहीं छोड़ा जा रहा और उनके परिवारों से अलग किया जा रहा है। क्रूर कार्रवाई और दमन के बाद भी भारत सरकार भयभीत महसूस कर रही है। ऐसी कायरतापूर्ण हरकतों के लिए बेशर्मी शब्द अधूरा है। स्थानीय अखबारों में प्रकाशित एक जैसे सार्वजनिक नोटिसों के माध्यम से समा शब्बीर और रुवा शाह ने खुद को अलगाववादी राजनीति से अलग करने की सूचना दी।

### सुविचार

**इतना भी आसान नहीं होता, अपनी ज़िन्दगी जी पाना, बहुत लोगो को खटकने लगते है, जब हम खुद को जीने लगते है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# नफरत का नेटवर्क तोड़ें

आईआईटी–गुवाहाटी के दो छात्रों का कथित तौर पर आईएसआईएस के प्रति निष्ठा रखने का मामला राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत गंभीर है। युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की दशा और दिशा को बदल सकती है। अगर वह खुद को रचनात्मक कार्यों में लगाए तो देश–दुनिया के लिए आदर्श बन सकती है। अगर वह विध्वंसक विचारधारा से प्रभावित होकर मानवता–विरोधी गतिविधियों में लिप्त हो जाए तो भविष्य में उसके बड़े दुष्परिणाम हो सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय जांच एजेंसियों ने जिस तरह ऐसे मामलों का खुलासा करते हुए आरोपियों पर शिकंजा कसा है, उससे देश के नागरिक अधिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। आज सोशल मीडिया का दौर है, जिसने लोगों को एक–दूसरे के बहुत करीब ला दिया है, लेकिन इसके दूसरे पहलू की उपेक्षा नहीं की जा सकती। यह कड़वा सच है कि आईएसआईएस जैसे आतंकवादी संगठन भी सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर युवाओं को बरगलाने और भटकाने की कोशिशें कर रहे हैं। ऐसे में नागरिकों, खासतौर से युवाओं को बहुत सावधान रहने की जरूरत है। आईएसआईएस, लश्कर, जैश ... जैसे संगठन अपने स्वार्थों के लिए ऐसे युवाओं को निशाना बनाते हैं, जो जल्द इनके बहकावे में आ जाएं। अगर इन संगठनों को सच में इन्सानियत की खिदमत करनी होती, सच्चे मायनों में क्रांति लानी होती, जैसा कि ये दावा करते हैं, तो पहले यह देखें कि इन्होंने उन इलाकों का क्या हाल किया, जहां इनका ज़रा–सा भी दबदबा रहा है? ये संगठन जहां–जहां गए हैं, अपने साथ तबाही लेकर गए हैं।

आईआईटी का उक्त छात्र बीटेक के चौथे वर्ष में था। निश्चित रूप से उसने इस कक्षा तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की होगी। यह माना जा सकता है कि छात्र को अपने भले–बुरे की जानकारी थी। उसे यह भी पता था कि आईएसआईएस जैसे संगठन क्या काम करते हैं! उच्च शिक्षित होने के बावजूद उसने ऐसा कदम क्यों उठाया? कोई भी व्यक्ति ऐसे संगठनों के प्रभाव में रातोंरात नहीं आता। निश्चित रूप से उसके दिलो–दिमाग में किसी अन्य व्यक्ति ने नफरत का जहर भरा होगा। सोशल मीडिया पर ऐसे कई कथित उपदेशक सक्रिय हैं, जो युवाओं को गुमराह कर रहे हैं। जब तक इन पर सख्ती नहीं की जाएगी, आतंकवादी संगठनों से सहानुभूति के मामले सामने आते रहेंगे। इन दिनों यूरोप भी इसी समस्या से त्रस्त है। वहां अति–उदारवादी सरकारें अपने नागरिकों और सामाजिक सद्भाव की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। ब्रिटेन ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान, इंडोनेशिया जैसे देशों से चरमपंथी प्रचारकों के लिए अपने दरवाजे बंद करने का फैसला किया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक एक भाषण में चेतावनी दे चुके हैं कि इस देश के लोकतांत्रिक और बहु–आस्था मूल्य चरमपंथियों के खतरे में हैं। फ्रांस में ट्यूनीशियाई मूल के एक चरमपंथी उपदेशक ने इस देश के राष्ट्रीय ध्वज को शैतानी झंडा बताया था, जिसके बाद सरकार ने सख्त रुख अपनाकर उसे निष्कासित करते हुए 'स्वदेश' रवाना कर दिया था। सरकारों को चाहिए कि वे इंटरनेट पर भी ऐसे तत्त्वों के खिलाफ अभियान छेड़ें। अगर जरूरत पड़े तो कठोर नियम बनाएं, सर्च इंजन व सोशल मीडिया कंपनियों के प्रतिनिधियों से बातचीत करें। युवाओं को आतंकवाद की ओर धकेलने वाले प्रचारकों, उपदेशकों और संगठनों के लिए इंटरनेट पर कोई जगह नहीं होनी चाहिए। जांच एजेंसियां खूब सतर्कता बरतते हुए संदिग्ध सोशल मीडिया प्रोफाइलों, पेजों और समूहों पर नजर रखें। समय–समय पर स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता के लिए कार्यक्रम करवाएं। युवाओं को चरमपंथी विचारधारा के खतरे बताते हुए इस बात का विश्वास दिलाया जाए कि अगर आपको कोई गुमराह करने की कोशिश करे तो पुलिस या संबंधित एजेंसियों को बेखौफ होकर सूचना दें, आपकी मदद की जाएगी। सजगता और आपसी विश्वास से ही नफरत का नेटवर्क तोड़ा जा सकता है।

## ट्वीटर टॉक



कांग्रेस पार्टी की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत द्वारा बीजेपी की लोकसभा प्रत्याशी और अभिनेत्री कंगना रनौत को लेकर जो बयान दिया गया है, वह महिलाओं के प्रति कांग्रेस पार्टी की मानसिकता को दर्शाता है। यह सिर्फ एक महिला का नहीं, बल्कि पूरे महिला समुदाय का अपमान है।

**–दीया कुमारी**



आध्यात्मिक गुरु और गौड़ीय वैष्णववाद के संस्थापक चैतन्य महाप्रभु की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन। भारतवर्ष में हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से कृष्णभक्ति की धारा प्रवाहित करने में पूज्य चैतन्य महाप्रभु जी का योगदान अतुलनीय है।

**–भजनलाल शर्मा**



सीकर की जनता का संकल्प विकसित भारत के लक्ष्य में अटल है; पूरा भरोसा है फिर से मोदी सरकार बनाने में सीकर का योगदान अग्रणी होगा। आज सीकर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती की नामांकन सभा में सम्मिलित हुआ।

**–सतीश पूनिया**

### प्रेरक प्रसंग

## सेवा का सुफल

कैकेय देश के राजा सहस्रचित्य परम प्रतापी तथा धर्मपरायण थे। वे प्रजा के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहते थे। मूक पशु–पक्षियों में भी वे अपने इष्टदेव के दर्शन करते थे। वे सुबह का समय भगवान के भजन और शास्त्रों के अध्ययन में बिताते थे। दोपहर से शाम तक राज–काज देखते थे और शाम होते ही वेश बदलकर प्रजा की सेवा के लिए निकल जाते थे। राजभवन के किसी भी व्यक्ति को यह पता नहीं लग पाता था कि राजा स्वयं प्रतिदिन सेवा और परोपकार कर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। एक दिन अनजाने में हुए किसी पाप से राजा सहस्रचित्य उद्वेलित हो उठे। वे वृद्धावस्था के रोगों से भी ग्रसित थे। अचानक पुत्र को राज्य का भार सौंपकर वे जंगल में चले गए। अनजाने में हुए पाप के प्रायश्चित्त के लिए उन्होंने कठोर तपस्या शुरू कर दी। एक दिन देवदूत ने प्रकट होकर उनसे कहा, 'राजन, तुमने जीवन भर प्रजा, मरीजों, वृद्धों और गायों की सेवा की है। जो राजा अपनी प्रजा के कल्याण को भगवान की पूजा मानता है, उसके पुण्य उसे स्वर्गलोक का अधिकारी बना देते हैं। अनजाने में हुआ पाप उसी समय भस्म हो गया, जब तुमने प्रायश्चित्त कर लिया।'

### सामयिक

# प्रधानमंत्री मोदी का भूटान दौरा क्यों था जरूरी?

अशोक भाटिया
मोबाइल : 9221232130



दो दिन के अपने भूटान दौरे के बाद प्रधानमंत्री मोदी अब वापस भारत आ गए हैं। लेकिन इस दौरान भूटान के प्रधानमंत्री के बयान और भूटान के राजा के कदम चर्चा में रहे। इसके अलावा इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी को मिले भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान और भारत और भूटान के बीच हए अहम समझौतों की भी चर्चा रही। मोदी का भूटान दौरा ऐसे वक्त हुआ है जब देश के भीतर लोकसभा चुनावों और कुछ राज्यों में विधानसभा चुनावों का आगाज़ हो चुका है। अपने दौरे के दौरान मोदी ने ये आश्वासन दिया कि विकास की राह में भारत भूटान के साथ खड़ा रहेगा और अगले पांच सालों तक भूटान को 10 हज़ार करोड़ रुपये की आर्थिक मदद देगा। एक महीने के भीतर मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री की ये दूसरी मुलाक़ात है। लगभग दो सप्ताह पहले 14 मार्च को भूटान के प्रधानमंत्री ने अपने पांच दिन के दौरे के दौरान दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाक़ात की थी।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि भारत और भूटान एक अनूठी और स्थायी साझेदारी साझा करते हैं जो आपसी विश्वास, समझ और सद्भावना पर आधारित है। जो हमारी साझा आध्यात्मिक विरासत और लोगों के बीच मधुर संबंध हमारे असाधारण संबंधों में गहराई और जीवंतता जोड़ते हैं। यह यात्रा दोनों पक्षों को हित के द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मामलों पर विचारों का आदान–प्रदान करने और हमारी अनुकरणीय साझेदारी को विस्तारित और तीव्र करने के तरीकों पर विचार–विमर्श करने का अवसर प्रदान करेगी। हमारे लोगों के लाभ के लिए है। चौदह मार्च को, टोबगे ने नई दिल्ली में मोदी के साथ एक बैठक की, जिसके दौरान टोबगे ने उन्हें भूटान आने का निमंत्रण दिया था । इस साल जनवरी में अपने देश के दूसरी बार प्रधान मंत्री चुने जाने के बाद टोबगे की यह पहली आधिकारिक विदेश यात्रा थी ।

बैठक के बाद, दोनों पक्षों ने एक संयुक्त बयान जारी किया जिसमें मोदी ने कहा कि भारत भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के दृष्टिकोण और प्राथमिकताओं के अनुरूप उच्च आय वाला राष्ट्र बनने की कोशिश में भूटान के साथ साझेदारी करने के लिए प्रतिबद्ध है। भूटान के लोग और शाही सरकार।बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने आर्थिक प्रोत्साहन कार्यक्रम के अनुरोध पर विचार करने सहित भूटान की 13वीं एफवाईपी (पंचवर्षीय योजना) के लिए समर्थन बढ़ाने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई है। भारत की विकास सहायता बुनियादी ढांचे के विकास, व्यापक रूप में कनेक्टिविटी के निर्माण की दिशा में होगी जिसमें सड़क, रेल, वायु और डिजिटल कनेक्टिविटी और कृषि, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, कौशल और सांस्कृतिक संरक्षण जैसे क्षेत्र शामिल हैं। अंतरिम बजट 2024–25 में विदेश मंत्रालय को वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए 22,154 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। नई दिल्ली की नेबरहुड फर्स्ट नीति के तहत सहायता पोर्टफोलियो का सबसे बड़ा हिस्सा भूटान को 2023–24 में 2,400 करोड़ रुपये के मुकाबले 2,068 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ दिया गया है। अपने देश को उस आर्थिक दलदल से बाहर निकालने के लिए, जिसमें वह खुद को पा रहा है, टोबगे ने भारत के समर्थन से 15 अरब रुपये की महत्वाकांक्षी आर्थिक प्रोत्साहन योजना की घोषणा की थी। 29 फरवरी को थिम्पू में एक प्रेस–मीट सत्र में यह घोषणा करते हुए टोबगे ने कहा कि एक व्यापक रणनीति तैयार करने और योजना के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक विशेष टास्क फोर्स की स्थापना की गई है।

हिमालयी राज्य में नेशनल असेंबली चुनावों से पहले, टोबगे की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने 'भूटान के साथ अनुबंध' शीर्षक वाले अपने घोषणापत्र में, भूटान को आर्थिक मंदी से बाहर निकालने का वादा किया था। टोबगे ने घोषणापत्र में लोगों को दिए एक संदेश में कहा, हमारे देश की अर्थव्यवस्था पतन के कगार पर है। निजी क्षेत्र, जो हमारे विकास का मुख्य चालक है, स्थिर हो गया है, कई व्यवसाय या तो बंद हो गए हैं या कम क्षमता पर चल रहे हैं। युवा बेरोजगारी 28.6 प्रतिशत की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि भूटान का सार्वजनिक ऋण अपने उच्चतम स्तर पर है, विशेष रूप से गैर–हाइड्रो ऋण, जो कि नू 108 बिलियन (108 बिलियन रुपये) की भारी मात्रा में है। विदेशी मुद्रा भंडार उस स्तर तक कम हो गया है जिससे संवैधानिक आवश्यकता के उल्लंघन का खतरा है। राजकोषीय घाटा बढ़ गया है जबकि राष्ट्रीय राजस्व प्रवाह कम हो गया है।

टोबगे ने कहा, कि 2022 में कुल 80,614 भूटानी लोग गरीबी में रहेंगे। अर्थात, आठ में से लगभग एक भूटानी भोजन और अन्य बुनियादी आवश्यकताओं के लिए अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास लगभग ठप्प हो गया है। मामले को बदतर बनाने के लिए, हाल के वर्षों में, पेशेवरों और कुशल व्यक्तियों सहित अभूतपूर्व संख्या में भूटानी, विदेशों में बेहतर आर्थिक अवसरों की तलाश में देश छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे सार्वजनिक सेवा वितरण पर भारी दबाव पड़ा है, जिससे देश के अस्पताल, स्कूल और सार्वजनिक संस्थान प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा, ये अभूतपूर्व आर्थिक चुनौतियाँ और भूटानियों का सामूहिक पलायन ऐसे समय में हो रहा है जब भूटान प्रजनन दर में भारी गिरावट का सामना कर रहा है, जो वर्तमान में 2.1 की प्रतिस्थापन दर से नीचे 1.8 प्रतिशत है। टोबगे ने लोगों को आगाह किया था कि अगर हम इन प्रवृत्तियों को उलटने में असमर्थ हैं, तो हमारे राष्ट्र की व्यवहार्यता खतरे में पड़ जाएगी।अगर हमने तुरंत कदम नहीं उठाया, तो हमारे प्यारे राष्ट्र का अस्तित्व और संप्रभुता खतरे में पड़ जाएगी। अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण और पुनर्जीवित करने और भूटान को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के लिए, पीडीपी ने कुछ प्रमुख आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने का संकल्प लिया।

जहां तक भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना का समर्थन करने की भारत की प्रतिबद्धता का सवाल है, तो यह उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली 1960 के दशक की शुरुआत से ही हिमालयी राज्य के सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है, जब उसने अपनी पंचवर्षीय योजनाएं शुरू की थीं। भारत भूटान का प्रमुख विकास भागीदार बना हुआ है। यह महत्वाकांक्षी पहल, हिमालय की तलहटी में तारयथांग गेवोग से सिंग्ये गेवोग तक लगभग 1,000 वर्ग किलोमीटर को कवर करते हुए, गेलेफू को एक समृद्ध आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करना चाहती है, जिससे न केवल भूटान को लाभ होगा बल्कि व्यापक दक्षिण एशियाई क्षेत्र में भी योगदान मिलेगा। अपने संबोधन में, वांगचुक ने गेलेफू एसएआर के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला, जिसमें देश को अभूतपूर्व सामाजिक–आर्थिक उन्नति की ओर ले जाने में विदेश में रहने वाले भूटानी व्यक्तियों के प्रभाव को मान्यता दी गई। यह प्रतिबद्धता अपने वैश्विक प्रवासी की क्षमता का दोहन करने के लिए सरकार के समर्पण को रेखांकित करती है।

वांगचुक ने कहा कि एक आर्थिक केंद्र के रूप में गेलेफू एसएआर को आवश्यक कानून और नीतियां बनाने की स्वायत्तता होगी। इसमें कार्यकारी स्वायत्तता और कानूनी स्वतंत्रता होगी। मोनार्क ने कहा, इस एसएआर की स्थापना का उद्देश्य एक जीवंत आर्थिक केंद्र बनाना है। कहीं और आर्थिक केंद्र हैं जो अनुकूल कारोबारी माहौल और आकर्षक प्रोत्साहन प्रदान करके विदेशी निवेश को आमंत्रित करते हैं। भूटान का आर्थिक केंद्र वह सब और बहुत कुछ प्रदान करेगा। 14 मार्च को मोदी और टोबगे के बीच बैठक के बाद जारी 'साझा समृद्धि के लिए भारत–भूटान साझेदारी' शीर्षक वाले संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों प्रधानमंत्रियों ने जल–विद्युत सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई और अपने अधिकारियों को कार्यान्वयन पर शीघ्र विचार–विमर्श करने का निर्देश दिया। नई परियोजनाओं के लिए तौर–तरीके।

मोदी की इस भूटान यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना नहीं थी, क्योंकि भारत में लोकसभा चुनाव से पहले आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। हालाँकि, यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भूटान में चीन की बढ़ती उपस्थिति, विशेष रूप से हिमालयी साम्राज्य और उसके उत्तरी पड़ोसी के बीच विवादित सीमा पर। इससे भारत में चिंता बढ़ गई है। भारत भूटान का सबसे करीबी सहयोगी रहा है और उसने भूटान की संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।भूटान एशियाई दिग्गजों भारत और चीन के बीच एक बफर राज्य के रूप में कार्य करता है।

भूटान की चीन के साथ 477 किलोमीटर तक अंतरराष्ट्रीय सीमा लगती है। चीन 1961 में एक मानचित्र प्रकाशित करने के बाद से भूटान के क्षेत्रों पर दावा कर रहा है। फिर 2017 में डोकलाम ट्राइ–जंक्शन पर भारत और चीन के बीच 73 दिनों तक गतिरोध चला। डोकलाम पठार भारत के रणनीतिक हितों के लिए महत्वपूर्ण महत्व रखता है। यह टकराव तब पैदा हुआ जब चीन ने भूटान के दावे वाले क्षेत्र में सड़क का विस्तार करने की मांग की। भारत ने अपने समग्र सुरक्षा हितों पर संभावित प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए कड़ी आपत्ति जताई।

कई दौर की बातचीत के बाद, भारत–चीन के बीच आमना–सामना आखिरकार समाप्त हो गया। इसके बाद, अक्टूबर 2021 में, भूटान और चीन ने बातचीत में तेजी लाने और अपने सीमा विवाद को संबोधित करने के लिए तीन–चरणीय रोडमैप की रूपरेखा तैयार करते हुए एक समझौता किया। इन सबके मद्देनजर मोदी की यह भूटान यात्रा महत्वपूर्ण मानी जाती है।

### मंथन

# भारत-पाक मीडिया में शब्दों की 'दुर्गति'

राजीव शर्मा
मोबाइल : 8949380771

मीडिया भारत का हो या पाकिस्तान का, उसने पिछले कुछ वर्षों में हिंदी/उर्दू के कई शब्दों की जिस तरह दुर्गति की है, वह 'बेमिसाल' है। इसमें टीवी वाले और यूट्यूब वाले लोग सबसे आगे हैं। हालाँकि यूट्यूब के आने से एक अच्छी बात यह हुई कि अब सरहद पार के लोग एक–दूसरे को ज़्यादा बेहतर ढंग से समझने लगे हैं। (शायद) कुछ लोगों के मन में एक–दूसरे को लेकर नफ़रत में भी कमी आई है, इसलिए शब्दों की इस दुर्गति को (अस्थायी रूप से) माफ़ किया जा सकता है। मुझे बहुत अजीब लगता है, जब भारत में कोई रिपोर्टर या एंकर कहता/ती है– वहाँ से लोगों को 'जलील' करके निकाला गया है! 'जलील' का अर्थ होता है– प्रतिष्ठित, महान, मान्य, पूज्य, मोहतरम। ऐसे में किसी को 'जलील' करके कैसे निकाला गया होगा? मेरे ख़याल में इस तरह कि पहले तो लोगों को अच्छी तरह से चाय–पकौड़े खिलाए गए, कोई मिठाई पेश की गई, शर्बत पिलाया गया। फिर चुपके से 500 रुपए का नोट थमाते हुए कहा गया कि आइंदा भी आते रहिएगा ... अभी तो हम आपको 'जलील' करके निकाल रहे हैं! यहाँ सही शब्द 'ज़लील' होना चाहिए, जिसका अर्थ है– भ्रष्ट, अधम, नीच, बेइज़्ज़त।

हिंदी मीडिया, ख़ासकर प्रिंट मीडिया बरसात के मौसम में एक और शब्द को लेकर ग़लती करता है। राजस्थान में तो बड़े–बड़े अख़बारों के पत्रकार ऐसा लिखने लगे हैं। वे भारी बारिश या बाढ़ को भी 'जलजला' (ज़लज़ला) लिख देते हैं, जबकि इसका अर्थ 'भूकंप' होता है। मैंने एक बड़े संपादक को अपने सहयोगी को डाँटते देखा था, जिसने भूकंप से संबंधित ख़बर में 'ज़लज़ला' शब्द लिख दिया था। संपादक महोदय का मानना था कि 'ज़लज़ला' बाढ़ को कहते हैं! 'जलील' और 'ज़लज़ला' के बाद बारी आती है 'ख़िलाफ़त' की। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, वेब ... सब जगह इस शब्द को बहुत ग़लत ढंग से बोला और लिखा जाता है। एक अख़बार ने तो पहले पन्ने पर छाप दिया था– ''बांसवाड़ा में खिलाफत की सजा ...! यहाँ सही शब्द 'मुख़ालिफ़त' या 'मुख़ालफ़त' आना चाहिए था, जिसका अर्थ– 'विरोध करना' होता है। 'ख़िलाफ़त' का अर्थ है– इस्लामी शासन व्यवस्था, जिसका प्रमुख 'ख़लीफ़ा' होता है।

हमारे मीडिया ने पाकिस्तान के 'कराची' को 'कराँची' और ख़ैबर पख़्तूनख़्वा' को खैबर पख्तूनवा' तो बहुत पहले बना दिया! भारतीय मीडिया के बारे में मेरी ये पंक्तियाँ पढ़कर ऐसा न समझें कि पाकिस्तानी मीडिया में कोई विलियम शेक्सपीयर के मौसाजी बैठे हैं। मुझे तो शक है कि उनके विदेश मंत्रालय के अफ़सरों को भी हिंदी (पढ़नी–लिखनी) नहीं आती होगी। एक पड़ोसी देश, जिसके साथ अतीत में आपके गहरे सामाजिक व सांस्कृतिक संबंध रहे हों, अब चाहे उसे पसंद करें या न करें, उसकी भाषा आपको ज़रूर आनी चाहिए। मैंने कई पाकिस्तानी रिपोर्टरों, एंकरों को 'वाराणसी' को 'वरणसाई', 'भाषण' को 'भाशन', 'रावण' को 'रावन', 'वेदांत' को 'वेन्दाता', 'हिंदुत्व' को 'हिंदूतवा', 'युधिष्ठिर' को 'युधस्थरा', 'अर्जुन' को 'अरजन', 'नकुल' को 'नकल', 'मंदिर' को 'मंदर', 'मध्य प्रदेश' को 'मधिया परदेश', 'अरुणाचल प्रदेश' को 'अरनाचला परदेश' कहते सुना है। पाकिस्तान में शायद ही कोई रिपोर्टर, एंकर होगा, जो हमारे प्रधानमंत्री के नाम का सही–सही उच्चारण कर पाए। वहाँ सब लोग 'नरेंदर/नरिंदर मूदी' ही बोलते हैं। इसी तरह वे 'कुलभूषण जाधव' नहीं, बल्कि 'कलबोसन जादेव/यादेव' बोलते हैं। ... और 'ऋषि सुनक' के तो क्या ही कहने! पाकिस्तानियों ने उनका नाम 'रसी/रशी सनक' रख दिया है। पता नहीं ऋषि सुनक जब सुनते होंगे तो कैसे बर्दाश्त करते होंगे!

### नजरिया

# ऊल-जलूल और विवादित बयानों से गरमाई देश की सियासत

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 8949519406

देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही मौसमी गर्मी के संग चुनाव प्रचार की गर्मी देश भर में प्रचंड रूप लेने जा रही है। इसी के साथ नेताओं के विवादित, अभद्र और शर्मसार करने वाले बयानों ने भाषा की मर्यादा को तार तार करके रख दिया है। नेता लोग अक्सर चर्चा में रहने के लिए ऊल–जलूल और समाज में कटुता फैलाने वाले बयान देते रहते है। विशेषकर चुनावों के दौरान गंदे बोलों से चुनावी बिसात बिछ जाती है। कांग्रेस की एक प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंडी से भाजपा प्रत्याशी और अभिनेत्री कंगना रनौत पर बेहद विवादस्पद टिप्पणी कर आग में घी डालने का कार्य किया है। भ्रष्टाचार के आरोपों में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल इस समय ईडी की हिरासत में है। केजरीवाल की पार्टी आप के नेताओं ने इस गिरफ़्तारी से बौखलाकर प्रधानमंत्री पर जिस भाषा में आरोप प्रत्यारोपों की बौछारे शुरू की है वह निश्चय ही लोकतंत्र के लिए घातक है।तमिलनाडु के नेता लगातार अभद्र बयान दे रहे है। वहीं कांग्रेस के नेता यह कहने लगे है तानाशाह मोदी जीत गया तो यह आखिरी चुनाव होगा। मोदी के परिवार को लेकर पहले ही अभद्र टिप्पणियां मीडिया में सुर्खियां लिए हुए है।

कुछ सियासी नेताओं ने तो लगता है विवादित बयानों का ठेका ले रखा है। कई नेताओं पर विवादित बयानों पर मुक़दमे भी दर्ज़ हुए। कुछ को न्यायालय से सजा भी मिली। मगर इसका उनपर कोई फर्क नहीं पड़ा। विवादित बयानबाजी के कारण सुर्खियों में रहना नेताओं को शायद आनंद देने लगा है। देश के न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया पर नफरत और घृणा के बादल मंडरा रहे है। नफरत और घृणा के इस महासागर में सभी सियासी पार्टियां डुबकी लगा रही है। न्यूज चैनलों पर विभिन्न सियासी दलों के प्रतिनिधि जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग करते है उन्हें देखकर लगता नहीं है की यह गाँधी, सुभाष, नेहरू, लोहिया और अटलजी का देश है। देश की सर्वोच्च अदालत कई बार इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर नियामकीय नियंत्रण की कमी पर अफसोस ज़ाहिर कर चुकी है । सुप्रीम कोर्ट ने नेताओं के भाषण और टीवी चैनलों को नफरती भाषण फैलाने का जिम्मेदार ठहराया है। सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच मामले में कई बार टेलीविजन चैनलों को जमकर फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि टेलीविजन चैनल समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि टीवी चैनल ऐसे चैनल एजेंडे से संचालित होते हैं, जो विभाजन पैदा करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि टीवी चैनल सनसनीखेज न्यूजों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं और अपने धनदाताओं (मालिकों) के आदेश के अनुसार काम करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नफरत फैलाने वाली बातें एक बड़ा खतरा हैं और भारत में स्वतंत्र एवं संतुलित प्रेस की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि एंकरों और न्यूज़ चैनल के प्रबंधकों के खिलाफ कार्रवाई हो तो सब लाइन पर आ जाएंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि आजकल सब कुछ टीआरपी से संचालित होता है और चैनल एक–दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं तथा समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं।

पिछले दो दशक से गंदे और विवादित बोल बोले जा रहे है। नेताओं के बयानों से गाहे बगाहे राजनीति की मर्यादाएं भंग होती रहती है। अमर्यादित बयानों की जैसे झड़ी लग जाती है। राजनीति में बयानबाजी का स्तर इस तरह नीचे गिरता जा रहा है उसे देखकर लगता है हमारा लोकतंत्र तार तार हो रहा है।

जिस तरह से एक के बाद एक नेता विवादित बयान दे रहे हैं, उसकी वजह से चुनावी माहौल में सरगर्मी बढ़ गई है। विवादित बयान देने में कांग्रेस और भाजपा सहित कोई भी नेता पीछे नहीं है। कहते है राजनीति के हमाम में सब नंगे है। यहाँ तक तो ठीक है मगर यह नंगापन हमाम से निकलकर बाजार में आजाये तो फिर भगवान ही मालिक है। सियासत में विवादास्पद बयान को नेता भले अपने पॉपुलर होने का जरिया मानें, लेकिन ऐसे बयान राजनीति की स्वस्थ परंपरा के लिए ठीक नहीं होते। हमारे माननीय नेता आजकल अक्सर ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे हमारा सिर शर्म से झुक जाता है। देश के नामी–गिरामी नेता और मंत्री भी मौके–बेमौके कुछ न कुछ ऐसा बोल ही देते हैं, जिसे सुनकर कान बंद करने का जी करता है।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# प्रधानमंत्री मोदी ने बशीरहाट से भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा से बात की, उन्हें 'शक्ति स्वरूपा' बताया

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बशीरहाट लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रत्याशी रेखा पात्रा से बात की, जिन्होंने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन उत्पीडन का मुद्दा उठाया था। पार्टी के नेताओं ने यह जानकारी दी।

तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता शाहजहां शेख और उनके खास लोगों के कथित अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने वाली पात्रा को भाजपा ने बशीरहाट लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। संदेशखालि इसी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। मोदी ने पात्रा से उनके प्रचार की तैयारियों और मतदाताओं के बीच भाजपा के समर्थन सहित अन्य मुद्दों के बारे में बात की। पात्रा ने इस दौरान संदेशखालि की महिलाओं की पीड़ा सुनाई। पात्रा ने मोदी से कहा कि उन्हें अच्छा लग रहा है कि वह उनके साथ खड़े हैं और कहा, ऐसा लग रहा है, जैसे राम जी हमारे साथ हैं। भाजपा प्रत्याशी ने प्रधानमंत्री को बताया कि उन्होंने क्षेत्र की स्थिति के कारण 2011 से मतदान नहीं किया है। इस पर मोदी ने आश्वासन दिया कि निर्वाचन आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि हर कोई मतदान कर सके। पात्रा ने यह भी कहा कि उनके आसपास के टीएमसी समर्थकों ने शुरू में भाजपा से उनकी उम्मीदवारी का विरोध किया, लेकिन अब उनका समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि वह एक गरीब परिवार से हैं और उनके पति केरल और तमिलनाडु में काम करते हैं। उन्होंने कहा, मैं कुछ ऐसा करूंगी कि किसी को काम के लिए इतनी दूर न जाना पड़े। उन्हें यहीं रोजगार मिले। प्रधानमंत्री ने उन्हें 'शक्ति स्वरूपा' कहकर संबोधित किया। शक्ति एक शब्द है, जो दुर्गा और काली जैसी देवी-देवताओं से जुड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आपने संदेशखालि में लड़ाई लड़ी, आप 'शक्ति स्वरूपा' हैं...। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें जनता तक यह संदेश ले जाना चाहिए कि तृणमूल कांग्रेस सरकार राज्य के लोगों के खिलाफ कैसे काम कर रही है। भाजपा नेताओं की ओर से पात्रा और प्रधानमंत्री के बीच संवाद का एक ऑडियो जारी किया गया।

इसके मुताबिक, मोदी ने पात्रा से कहा, लोगों के बीच में काम करें, उन तक यह संदेश पहुंचाएं कि तृणमूल कांग्रेस सरकार लोगों के लिए समस्या खड़ी कर रही है, वे पश्चिम बंगाल में भाजपा (केंद्र) सरकार की योजनाओं को लागू नहीं होने दे रहे हैं। बशीरहाट, पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीट में से एक है। पिछले लोकसभा चुनाव में यहां से तृणमूल कांग्रेस को जीत मिली थी। तृणमूल कांग्रेस से निलंबित शेख और उसके कुछ सहयोगियों को ईडी अधिकारियों पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है और वे सीबीआई की हिरासत में हैं।

**प्रदर्शन**




शराब नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद मंगलवार को नयी दिल्ली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आईटीओ क्षेत्र में प्रदर्शन कर उनके इस्तीफे की मांग की।




# कुंदन भारद्वाज की हिंदी-नेपाली फिल्म 'साम्राज्य' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

नेपाली, हिंदी और भोजपुरी भाषा में बन रही अभिनेता कुंदन भारद्वाज की फिल्म साम्राज्य का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। अनुजा एंटरटेनमेंट प्रालि प्रेजेंट फिल्म साम्राज्य को निर्माता हीरा बहादुर लेपचा और पूर्णिमा लेपचा नेपाली, हिंदी और भोजपुरी भाषा में बना रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग भारत,नेपाल और बैंकॉक सहित कई देशों में होने वाली है। फिल्म का निर्देशन बाबू साहेब बलामी करेंगे।इस फिल्म में कुंदन भारद्वाज,नेपाली अभिनेत्री अनुजा लेपचा के साथ नजर आयेंगे।फ़िल्म की घोषणा के साथ ही इसका लुक भी रिलीज कर दिया गया है, जिसमें कुंदन और अनुजा दोनों ही हाथों में पिस्तौल लिया दुश्मनों पर गोलियां बरसा रहे हैं। कुंदन भारद्वाज ने कहा कि फिल्म साम्राज्य मेगा बजट के साथ बनाने जा रही है, जिसमें आपको एक्शन ही एक्शन देखने को मिलने वाला है। फिल्म की केंद्रीय भूमिका में मैं और अनुजा है,जो एक दूसरे के खातिर किसी भी भिड़ने को तैयार रहते हैं। जैसे कि आपको पोस्टर में दिख रहा है कि हम दोनों पिस्तौल लेकर गोलियां चला रहे हैं।

फिल्म को लेकर निर्माता हीरा बहादुर लेपचा और पूर्णिमा लेपचा ने कहा कि फिल्म साम्राज्य हम कई भाषाओं में बनाकर इसे भारत, नेपाल के साथ साथ कई अन्य देशों में भी रिलीज करने की तैयारियां अभी से कर रहे हैं। जिससे अन्य देश के दर्शक भी हमारी फिल्म को देख सके। अभिनेत्री अनुजा लेपचा ने कहा कि मुझे कुंदन के साथ काम करने का बेसब्री से इंटरजार है क्योंकि कुंदन पहले भी हिंदी, नेपाली फिल्म में काम कर चुके हैं। कुंदन ने कई भोजपुरी फिल्मों और अल्बस में काम किया है। मैं इनके साथ काम करने को लेकर बहुत उत्साहित हूं।

बाबू साहेब बलामी ने बताया कि पोस्टर देखकर तो आप समझ ही गए होंगे कि ये फिल्म एक एक्शन मूवी है। इसमें आपको टाइगर श्रॉफ की बागी की तरह एक्शन देखने को मिलेगा। क्योंकि हमने इसमें फाइट सीन कुछ इस तरह ही डिजाइन किए हैं जो देखकर दर्शक सिनेमाघरों की सीटों से उठ नहीं पाएंगे। उन्होंने इसमें एक्शन का एक अलग ही लेवल देखने को मिलेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी ने बेल्जियम के अपने समकक्ष से की बात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बेल्जियम के अपने समकक्ष एलेक्जेंडर डी क्रू से बात की और दोनों देशों के 'उत्कृष्ट' संबंधों की समीक्षा करने के साथ ही व्यापार, निवेश और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। टेलीफोन पर हुई इस बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में ब्रसेल्स में पहले परमाणु ऊर्जा शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी के लिए डी क्रू को बधाई दी।

बयान में कहा गया, दोनों नेताओं ने भारत और बेल्जियम के बीच उत्कृष्ट संबंधों की समीक्षा की।

इसके मुताबिक, मोदी और डी क्रू ने व्यापार, निवेश, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर, फार्मास्यूटिकल्स, ग्रीन हाइड्रोजन, आईटी, रक्षा, बंदरगाहों सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

दोनों नेताओं ने यूरोपीय संघ की परिषद की बेल्जियम की मौजूदा अध्यक्षता के तहत भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

बयान में कहा गया, वे पश्चिम एशिया क्षेत्र और रूस-यूक्रेन संघर्ष में शांति और सुरक्षा की शीघ्र बहाली के लिए सहयोग और समर्थन बढ़ाने की आवश्यकता पर सहमत हुए।

दोनों नेताओं ने संपर्क में रहने पर भी सहमति जताई।

# भारत राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने में फिलीपीन का समर्थन करता है : जयशंकर

मनीला/भाषा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ फिलीपीन के विवाद के बीच मंगलवार को कहा कि अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने में दक्षिणपूर्व एशियाई देश का भारत दृढ़ता से समर्थन करता है और वह रक्षा एवं सुरक्षा समेत सहयोग के नए क्षेत्रों में संभावनाएं तलाशना चाहता है।

जयशंकर ने मनीला में फिलीपीन के विदेश मंत्री एनरिक मनालो के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, फिलीपीन के मंत्री मनालो के साथ सार्थक मुलाकात हुई। राजनीति, रक्षा, सुरक्षा व समुद्री सहयोग, व्यापार व निवेश, बुनियादी ढांचा, विकास सहयोग, शिक्षा, डिजिटल, प्रौद्योगिकी, संस्कृति तथा दूतावास संबंधी क्षेत्रों में संबंध मजबूत बनाने पर व्यापक चर्चा हुई। उन्होंने हिंद-प्रशांत, दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान), पश्चिम एशिया, यूक्रेन, गुट निरपेक्ष आंदोलन तथा संयुक्त राष्ट्र समेत वैश्विक, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर विचार साझा किए।

जयशंकर कहा, चूंकि दोनों लोकतंत्र नियम आधारित व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध हैं, लिहाजा हमारा सहयोग गहरा बनाने के लिए उत्साहित हूं।

मनालो के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में जयशंकर ने कहा ''मैं इस अवसर पर दृढ़ता के साथ दोहराना चाहता हूं कि भारत राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने में फिलीपीन का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि बदलती दुनिया के साथ यह आवश्यक है कि भारत और फिलीपीन उभरते विश्व को आकार देने में अधिक निकटता से सहयोग करें।

विदेश मंत्री ने एक सवाल पर कहा कि प्रत्येक देश को अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा, हमने इस पर भी चर्चा की है।

जयशंकर ने कहा कि हाल में भारत और फिलीपीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों में बहुत उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

दक्षिण चीन सागर में घटनाक्रम के बीच फिलीपीन के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने की भारत की योजनाओं पर एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा, आपको उस सहयोग को उसकी खूबियों के आधार पर देखने की जरूरत है। यह जरूरी नहीं है कि इसका संबंध किसी खास स्थिति से है।



# मलयालम थ्रिलर 'मंजुम्मेल बॉयज' ने 200 करोड़ की कमाई की

मुंबई/एजन्सी

थ्रिलर फिल्म 'मंजुम्मेल बॉयज' ने 200 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली पहली मलयालम फिल्म बनकर इतिहास रच दिया है। 2006 की एक वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित फिल्म मंजुम्मेल बॉयज कोच्चि के पास मंजुम्मेल के छोटे से शहर के दोस्तों के एक समूह के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कोडाईकनाल में छुट्टियां मनाने जाते हैं। 'मंजुम्मेल बॉयज' को न केवल शानदार समीक्षा मिली है, बल्कि इसने बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन किया है मलयालम सिनेमा की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक का खिताब हासिल करते हुए, 'मंजुम्मेल बॉयज़' ने जूड एंथनी जोसेफ की फिल्म '2018' के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिसने 150 करोड़ से अधिक की कमाई की थी। चिदंबरम द्वारा लिखित और निर्देशित, परवा फिल्म्स द्वारा निर्मित 'मंजुम्मेल बॉयज़' का प्रीमियर 22 फरवरी, 2024 को दुनिया भर में हुआ था।



**अभियान**

कुप्पम में टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू मंगलवार को आंध्र प्रदेश के कुप्पम में लोकसभा और विधानसभा चुनावों से पहले अपने घर-घर अभियान के दौरान।

# अदा शर्मा ने 'सनफ्लावर 2' में भूमिका के लिए डांस बार में बिताई रातें

मुंबई/एजेन्सी



एक्ट्रेस अदा शर्मा ने 'सनफ्लॉवर 2' में अपनी भूमिका को लेकर खुलासा किया है। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्होंने अपनी भूमिका के लिए एक डांस बार में रातें बिताईं। वह स्क्रीन पर प्रभावकारी दिखना चाहती थीं। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने कहा कि मैं प्रभावकारी दिखना चाहती थी। यह सिर्फ इस बारे में नहीं है कि आप डांस कब कर रहे हैं बल्कि यह इस बारे में है कि आप कैसे बैठते और खड़े होते हैं और परफॉर्मेंस नहीं करने के दौरान आप अपने शरीर के साथ कितने सहज हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह कभी-कभी ध्यान देने के लिए डांस बार में सुबह 5 बजे तक रुकती थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि वे इतने अच्छे थे कि उन्होंने मुझे बार में रुकने और चीजों को देखने की इजाजत दी। कस्टमर्स से बात करते समय उनके आत्मविश्वास को मैंने देखने की कोशिश की। मैं रात को 9 बजे जाती थी, कभी-कभी सुबह 4 से 5 बजे तक रुकती थी। वेब सीरीज 'सनफ्लॉवर' सीरीज एक हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों के जीवन पर आधारित है। वे एक हत्या के रहस्य में उलझ जाते हैं। इसमें सुनील ग्रोवर और मुकुल चड्ढा मुख्य भूमिका में हैं।



# जान्हवी कपूर ने गोवा में 'देवरा: पार्ट 1' का अपना शेड्यूल किया पूरा

मुंबई/एजेन्सी

अपकमिंग फिल्म 'देवरा: पार्ट 1' में नजर आने वाली एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने गोवा में फिल्म का अपना शेड्यूल पूरा कर लिया है। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में शेयर किया कि वह गोवा वापस आने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। जान्हवी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर सूर्यास्त की एक तस्वीर शेयर की और लिखा, वापस आने और फिर से थंगम बनने का इंतजार नहीं कर सकती।''

# एक्ट्रेस निम्रत कौर ने राजस्थान के बीकानेर में मनाई होली

मुंबई/एजेन्सी



एक्ट्रेस निम्रत कौर ने राजस्थान के बीकानेर में शानदार तरीके से होली मनाई। एक्ट्रेस ने मंगलवार को इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की, जिनमें उन्हें ''गुजिया'' खाते हुए और धूप का आनंद लेते हुए देखा जा सकता है। एक्ट्रेस ने सबसे पहले अपने कॉफी मग की तस्वीर शेयर की। दूसरी तस्वीर गुजिया की थी, जिसे निम्रत ने पोस्ट होली डिटॉक्स के रूप में टैग किया था। इसके बाद एक्ट्रेस ने एक सेल्फी शेयर की, जिसमें वह सुबह की धूप का आनंद लेती नजर आ रही थीं और इसे कैप्शन दिया गया, सुबह की धूप। निम्रत ने इस बात का खुलासा नहीं किया कि वह राजस्थान में किसी प्रोजेक्ट की शूटिंग के लिए वहां हैं या छुट्टियां मनाने के लिए।

निम्रत ने सबसे पहले अनुराग कश्यप के प्रोडक्शन की फिल्म 'पैडलर्स' में अभिनय किया था। उन्होंने दिवंगत अभिनेता इरफान खान अभिनीत 'द लंचबॉक्स' से सुर्खियां बटोरीं, इस फिल्म को 2013 के कान फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित किया गया था। 2015 में उन्होंने 'होमलैंड' जैसी अंतरराष्ट्रीय सीरीज में भी काम किया, जहां उन्होंने चौथे सीजन में इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) एजेंट तसनीम क़ुरैशी की भूमिका निभाई। उन्हें अमेरिकी सीरीज 'वेवार्ड पाइंस' में भी देखा गया था। निम्रत अगली बार रिभु दासगुप्ता द्वारा निर्देशित एक कोर्टरूम ड्रामा 'सेक्शन 84' में अमिताभ बच्चन और डायना पेंटी के साथ दिखाई देंगी।



# उर्वशी रौतेला ने अयोध्या में किए रामलला के दर्शन

मुंबई/एजन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने अयोध्या में रामलला का दर्शन किया है। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने अयोध्या में राम लला के दर्शन किए। प्रियंका के बाद अब उर्वशी रौतेला ने भी राम लला का दर्शन किया है। उर्वशी ने मंदिर में हाथ जोड़कर भगवान श्री राम का आशीर्वाद लिया। उर्वशी माथे पर तिलक लगाकर और भगवान राम के नाम की चुनर ओढ़कर रामलला के दरबार में दर्शन किए। उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' को लेकर चर्चा में है। इस फिल्म में रवि किशन ,रश्मि देसाई, उर्वशी रौतेला पीयूष मिश्रा, विजय राज और अतुल पांडे और सिद्धार्थ बोडके की अहम भूमिका है।

# कंगना रनौत बोलीं, राजनीति समाज के लिए काम करने का एक तरीका है

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत, जो फिलहाल अपनी आगामी राजनीतिक फिल्म 'इमरजेंसी' की तैयारी कर रही हैं, ने राजनीति में प्रवेश किया है। वह भाजपा के टिकट पर हिमाचल प्रदेश के मंडी से लोकसभा चुनाव लड़ने जा रही हैं। अभिनेत्री ने राजनीति में आने का कारण साझा किया है।कंगना ने कहा कि भारत के लोगों ने उन जैसे एक कलाकार को बहुत कुछ दिया है और वह उसे समाज को लौटाना जरूरी समझती हैं और राजनीति ऐसा करने का सबसे अच्छा तरीका है।अभिनेत्री ने सोमवार को एक इवेंट के दौरान मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनके लिए राजनीति प्रचार पाने या पैसा कमाने का नहीं, बल्कि देश की सेवा करने का जरिया है।उन्होंने कहा : भगवान दयालु रहे हैं और उन्होंने मुझे बहुत आशीर्वाद दिया है।

मेरे लिए राजनीति प्रचार पाने या पैसा कमाने का साधन नहीं है, यह लोगों की सेवा करने का एक तरीका है। सार्वजनिक शख्सियतों और अभिनेताओं के रूप में हम उस बिंदु पर पहुंच जाते हैं, जहां दर्शक भी समाज को वापस देने के मामले में हमसे कुछ उम्मीद करते हैं।मेरे पास जो कुछ भी है, वह सब लोगों की वजह से है और भाजपा लोगों की पार्टी है। मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि कोई कसर न छोड़ूं और लोगों ने मुझे जो आशीर्वाद दिया है, उसकी तुलना में उन्हें कहीं अधिक लौटाऊं।

मैंने 'भाई-भतीजावाद' शब्द का इस्तेमाल किया था और मैं कहना चाहूंगा कि भाजपा एक निष्पक्ष दृष्टिकोण और कार्यप्रणाली वाली राजनीतिक पार्टी है।'कंगना ने यह भी कहा कि वह पार्टी में बॉलीवुड स्टार के तौर पर नहीं, बल्कि एक पार्टी कार्यकर्ता के तौर पर शामिल हुई हैं।उन्होंने कहा, आज मैं इस पार्टी में एक बॉलीवुड स्टार के तौर पर शामिल नहीं हुई हूं, मैं एक कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी का हिस्सा बनी हूं। पार्टी व समाज के हित में काम करूंगी। आज बहुत सारे लोग यहां एकत्र हुए हैं और उन्होंने मुझे इस रास्ते पर मार्गदर्शन करते हुए यह अवसर दिया है।कंगना के पिता अमरदीप रनौत ने उनके बयान को दोहराते हुए कहा कि अभिनेत्री समाज के लिए काम करने के लिए पार्टी में शामिल हुई हैं। उन्होंने कहा कि उनके परिवार की किसी और राजनीतिक दल से कोई दुश्मनी नहीं है।इससे पहले, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से कंगना को और कांगड़ा सीट से राजीव भारद्वाज को अपना उम्मीदवार घोषित किया था।



RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

भगवान महावीर ने पुस्तक की सुरक्षा के लिए कवर की, शरीर की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य की नितान्त आवश्यकता बताई, वैसे ही जीवन की सुरक्षा व इहलोक एवं परलोक की सुरक्षा के लिए धर्म की आवश्यकता है। धर्म के क्षेत्र में छलावा या प्रदर्शन न हो। छल कपट, प्रपंच न हो। आत्मशुद्धि का साधन ही धर्म है।



# साध्वी डॉ. प्रतिभाश्री का वर्ष 2024 का चातुर्मास मैलापुर घोषित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/केजीएफ।** श्री वर्धमान श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ केजीएफ में साध्वी डॉ. प्रतिभाश्रीजी म. सा. के सान्निध्य में होली चातुर्मास के मौके पर आचार्य भगवन आनंद ऋषि जी म. सा. की पुण्यस्मृति दिवस मनाया गया। आचार्यश्री ने 30 वर्ष संघ की बागडोर संभाली उन्होंने अनेक जीवों को तारा और स्वयं भी तिरे। होली चातुर्मास कर्म की निर्जरा लेकर आया है। राग द्वेष कम करें। हमें रागद्वेष की होली खेलनी है। साध्वीश्री ऋषिताजी म. सा. ने कहा कि गुरु के गुणों का गुणगान करें। गुरु आनंद भक्तों के भगवान थे। मंच का संचालन साध्वी अनुज्ञाश्रीजी ने करते हुए गीत प्रस्तुत किया।

साध्वीश्री ने आगामी वर्ष 2024 का चातुर्मास वर्धमान श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन संघ मैलापुर चेन्नई को प्रदान किया। इस मौके पर बेंगलूरु के अक्कीपेट, श्रीरामपुरम्, डबलरोड, कृष्णराज पुरम्, मुलबागल, कोलार, चेन्नई आदि अनेक जगहों से गुरु भक्त पहुंचें।

मैलापुर संघ से अध्यक्ष शांतिलाल चोरड़िया के नेतृत्व में मंत्री विमलचन्द खाबिया, कोषाध्यक्ष इन्दरचन्द कांकलिया, युवाध्यक्ष संजय सेठिया, दिलीप रांका, किशन सुराणा, रंजन सुराणा, धर्मचन्द चोरड़िया आदि उपस्थित थे।



# मुमुक्षु का हुआ अभिनंदन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के श्री अबुगोड़ जैन संघ के तत्वावधान में रविवार को कोंडितोप स्थित सुंदेशा मुथा भवन में दांतराई के मुमुक्षु भव्यकुमार महेन्द्रभाई सिसोदिया का अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। श्री संघ के समस्त सदस्यों द्वारा मुमुक्षु को अक्षत से वधामणा किया गया एवं तिलक, माला, शाल, श्रीफल एवं कवर अभिनन्दन पत्र देकर भव्य सम्मान किया गया। मुमुक्षु के माता पिता महेन्द्रकुमार एवं रमीलाबेन सिसोदिया का भी सम्मान हुआ। संघ द्वारा समारोह के मुख्य लाभार्थी संघवी हीराचंद सोकलचंदजी कांकरिया परिवार दांतराई का तिलक, माला शाल एवं साफा द्वारा अभिनन्दन किया गया। गौरतलब है कि मुमुक्षु भव्यकुमार की दीक्षा चैत्र सुद 14, 22 अप्रैल को आचार्यश्री योग तिलकसूरीश्वर जी की निश्रा में अहमदाबाद में होगी। समारोह को भरत जगानी, महेन्द्र सिसोदिया, हीराचंद कांकरिया, जयंतिलाल मुथा, रतन कांकरिया आदि अनेकों वक्ताओं ने संबोधित किया। हीराचंद कांकरिया ने बताया कि ये हमारा परम शौभाग्य हे ये 11 गावों की श्री आबूगोड पट्टी में ये 72वी दीक्षा होने जा रही है जिसमें 58 दीक्षा सिर्फ दांतराई गांव से हुई हे। संचालन भरत जगानी द्वारा किया गया।

सुन्दरकांड — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



तिरूपुर में 24 मार्च को मां दुर्गा भक्त मंडल द्वारा 1352वां सुन्दरकांड पाठ का आयोजन हुआ। साथ ही फूलों की होली भी खेली गई। मंडल के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया कि यहां अंगरीपालीयम् स्थित अन्नदा ऐश्वर्या अपार्टमेन्ट कम्युनिटी हॉल में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पाठ व फूलों की होली खेली गई।



# रजत द्वारा 'खम्मा घणी', आभार कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु के द्वारा वर्ष 2023-24 के अंतर्गत संस्था को सहयोग करने वाले सभी अनुदानदाताओं , पदाधिकारी गण सभी समितियों के चेयरमैन और सह चेयरमैन के प्रति आभार ज्ञापन हेतु एक कार्यक्रम एसआरकेके अग्रवाल भवन में किया गया। खम्मा घणी नाम से किए गए कार्यक्रम में रजत राजस्थानी थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सभी महानुभावों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया।

अध्यक्ष मोहनलाल बजाज ने अपने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए सभी अनुदान दाताओं पदाधिकारियों एवं सभी कार्यकर्ताओं का भावपूर्ण स्वागत किया एवं वर्ष भर में प्राप्त सहयोग हेतु आभार ज्ञापित किया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए बीच-बीच में सभी अनुदानदाताओं, पदाधिकारी गण व समितियों के चेयरमैन व को चेयरमैन का स्मृति चिन्ह से अभिनंदन किया गया। सह मंत्री ज्ञानचंद कोठारी ने धन्यवाद प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संयोजन महामंत्री देवराज आच्छा व नीलम शारड़ा ने किया। सभी आगंतुक मेहमानों को राजस्थानी लजीज भोजन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में संयोजक राधेश्याम मूंदड़ा, सहमंत्री द्वय अजय नाहर और ज्ञानचंद कोठारी, वीनोद जैन, आतिथ्य समिति के चेयरमैन शांतिलाल कांकरिया व उनके साथियों का बहुमूल्य श्रम लगा।



# ज्ञान युवक मंडल रायपुरम की वार्षिक सभा संपन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां ज्ञान युवक मंडल रायपुरम की वार्षिक साधारण सभा 23 मार्च को जैन भवन रायपुरम में संपन्न हुई । प्रार्थना के पश्चात अध्यक्ष कमल कोठारी ने बताया की मंडल द्वारा भगवान महावीर जन्म कल्याण का आयोजन सभी संघो के साथ मिलकर किया जाता है साथ ही पानी के प्याऊ, धार्मिक शिविर, रक्त दान के बारे में जागरूकता करना, एवं अनेक धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन मंडल द्वारा किए गए। कोषाध्यक्ष योगेश कटारिया ने मंडल के हिसाब के बारे में लेखा जोखा प्रस्तुत किया। मंडल के वर्ष 2024-25 के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए कमल कोठारी, सचिव प्रवीण खटोड़, कोषाध्यक्ष योगेश कटारिया, उपाध्यक्ष नवीन बोहरा, संयुक्त सचिव जीतू बोहरा, प्रोजेक्ट चेयरमैन धर्मीचंद कोठारी को चुना गया।





# माहेश्वरी साइक्लोथॉन का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां श्री माहेश्वरी युवा मंडल के तत्वावधान में अल्लसुबह साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष डॉ.अशोक कुमार मूंधड़ा द्वारा समर्थित स्थानीय डी. जी. वैष्णव कॉलेज के प्रांगण से साइकल यात्रा का शुभारंभ माहेश्वरी सभा के उपाध्यक्ष कमल गोईदानी द्वारा हरी झंडी दिखा कर की गयी। युवा मंडल अध्यक्ष मदन मोहन राठी ने बताया कि साइक्लोथॉन को 10, 25 और 50 किमी की तीन स्पर्धा में रखा गया है जिसमें करीब 80 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया। संयोजक कुशल माहेश्वरी, शुभम सारडा तथा टीम के अथक प्रयास से लगातार तीसरा साइक्लोथॉन को सफल रूप रेखा दी गयी। इस कार्यक्रम के प्रत्यक्षदर्शी जेठमल चांडक, अनुराग माहेश्वरी, किशन झंवर, मुकुल डागा तथा और भी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सचिव पंकज मोहता ने बताया कि इस बार की थीम थी 'राइड फ़ॉर र हेल्थी हार्ट'।

होली — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर के टीवीएस नगर स्थित तड़ागम रोड स्थित माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी समाज द्वारा होली का आयोजन किया गया। युवक परिषद के गिरिराज सोमरा ने सभी का स्वागत किया। सचिव सुमिरन मालू ने संचालन किया। बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ने परिवार सहित भाग लिया।



# नकारात्मक सोच की होली का करें दहन : साध्वी डॉ गवेषणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई/वालाजाबाद। आचार्य श्री महाश्रमणजी की सुशिष्या साध्वी डॉ. गवेषणाश्री के सान्निध्य में यहां वालाजाबाद के वलैयाम्मै कल्याण मण्डपम में होली चातुर्मास मनाया गया।

होली के रंग, लेश्या के संग विषय पर धर्म परिषद् को सम्बोधित करते हुए साध्वी गवेषणाश्री ने कहा कि भगवान महावीर ने 3 चातुर्मास का निर्देश दिया है। उसमें एक है- होली चातुर्मास। लौकिक और लोकोत्तर पर्व पर प्रकाश डालते हुए साध्वीश्री ने कहा कि जैन धर्म में होली का बड़ा महत्व है। आज के दिन चातुर्मासिक पक्खी का प्रतिक्रमण कर आत्मावलोचन किया जाता है। बौद्धिक दृष्टि से होली के त्यौहार का अपना महत्त्व है, उसी प्रकार आध्यात्मिक दृष्टि से भी इसका महत्व है।

आज पानी या बाहरी रंगों की होली नहीं खेलकर, प्रशस्त रंगों के साथ होली खेलना है। होली के विभिन्न रंगों से लेश्याओं को पवित्र, शुभंकर बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि रंगों की ओजस्विता और प्रकाश से मानव मन व मस्तिष्क बहुत प्रभावित होता है। हमें अपनी नकारात्मक सोच की होली का दहन करना है।

साध्वी मेरुप्रभाजी ने सुमधुर स्वरों एवं साध्वी दक्षप्रभाजी ने सारगर्भित विचारों से पूरी सभा को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत वालाजाबाद युवक परिषद् के सदस्यों के भिक्षु अष्टकम मंगलाचरण से हुई। सेवाभावी तेरापंथ सभा अध्यक्ष महावीर पिपाड़ा ने स्वागत भाषण दिया।

तेरापंथ धर्मसंघ की कामधेनु जैन विश्व भारती अध्यक्ष अमरचंद लुंकड़, स्थानीय तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष गीता धारीवाल, स्थानकवासी समाज के अध्यक्ष जवरीलाल आच्छा, शीला बोहरा, तंडियारपेठ ट्रस्ट बोर्ड प्रबन्धन्यासी पूनमचंद माण्डोत आदि ने अपने रखें। गीता मंगल सेठिया, अशोक लूणावत, वालाजाबाद महिला मण्डल ने सुमधुर गीतिकाएं प्रस्तुत की। पूर्व प्रबन्धन्यासी गौतमचन्द सेठिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए ट्रस्ट बोर्ड की ओर से अक्षय तृतीया ट्रिप्लीकेन में करवाने का निवेदन किया, जिसे साध्वीश्री ने स्वीकृति दे, यथासंभव ट्रिप्लीकेन तेरापंथ भवन में अक्षय तृतीया करने का फरमाया। साध्वीवृन्द अभी माधावरम् चातुर्मास के लिए विहाररत है। आपका आगामी 14 अप्रैल को आवड़ी में चेन्नई महानगर प्रवेश होगा।

ज्ञानशाला व किशोर मंडल के बालक बालिकाओं ने शानदार रोचक परिसंवाद के माध्यम से 'आध्यात्मिक होली पर्व' की महत्ता प्रस्तुत की। माधावरम से समागत नीलम आच्छा व उनकी टीम ने 'अन्वेषण' बैनर का अनावरण किया। आभार ज्ञापन रमेश धारीवाल ने किया।

इस अवसर पर माधावरम् ट्रस्ट बोर्ड के प्रबन्धन्यासी घीसूलाल बोहरा, जेविभा एवं तेरापंथ सभा के पूर्वाध्यक्ष धर्मचन्द लूंकड़, ट्रिप्लीकेन ट्रस्ट बोर्ड प्रबन्धन्यासी सुरेशकुमार संचेती, मंत्री विजयकुमार गेलड़ा इत्यादि अनेकों गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन साध्वी मयंकप्रभा ने किया। साध्वीश्री के मंगल पाठ के साथ कार्यक्रम सानन्द सम्पन्न हुआ।



# सेलम में भी हुई साइक्लोथॉन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सेलम। यहां रविवार को माहेश्वरी समाज के तमिलनाडु केरल पुडुचेरी संघ के तत्वावधान में स्थानीय माहेश्वरी युवा मंडल ने साइक्लोथॉन का आयोजन किया। इस साइकिल रैली में सभी आयुवर्ग के लोगों ने भाग लिया। महेश्वरी टीकेपी संघ के अध्यक्ष सेलम के पंकज चांडक ने कहा कि इस रैली आयोजन के पीछे मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का था। तमिलनाडु केरल पुडुचेरी, तीनों ही राज्य के प्राय सभी क्षेत्रों में आज न केवल महेश्वरी बल्कि सभी समाज के युवा पीढ़ी को दुपहिया साइकिल पर सवार होकर जन-जन तक गो ग्रीन का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया गया। सेलम मंडल के अध्यक्ष सुनील केला ने साइक्लोथॉन रैली से समाज में सभी को इसे स्वास्थ्य जागरूकता प्रयोग भी बताया। दूरी के आधार पर तीन श्रेणियां में प्रतियोगिता की गई।

माहेश्वरी युवा मंडल सदस्य शरद सारडा बताया कि सुपर फोर्टी के लगभग दस सदस्यों ने रैली में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।



# जीके जैन विद्यालय में अत्याधुनिक प्लेग्राउन्ड का शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के रायपुरम स्थित जीके जैन स्कूल में 25 मार्च को प्राथमिक कक्षा के बच्चों हेतु आधुनिक खेल मैदान का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व पत्राचारक जौहरीलाल बोहरा, जैन शिक्षण संघ के पूर्व अध्यक्ष कुशालचंद रांका के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पत्राचारक महावीर कोठारी, जैन शिक्षण संघ के सचिव राजेन्द्र कोठारी, अध्यक्ष नरेन्द्र मर्लेचा, कोषाध्यक्ष अशोक बोहरा उपस्थित रहे।

खेल के सभी संसाधनों से सुसज्जित मैदान को देखकर बच्चों में अलग उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर कुशालचंद रांका ने कहा कि खेल शिक्षा का पूरक होता है। वहीं महावीर कोठारी ने कहा खेल ही बहुमुखी प्रतिभा का विकास करता है। विद्यालय प्राथमिक जरूरतों को आधुनिकता से के लिए प्रतिबद्ध है।

पूर्व गौतम शिशु वर्ग को आधुनिक करके जी.के.जैन किड्जी (प्ले स्कूल और डे केयर) तथा विद्यालय के स्वर्ण जयंती के अवसर पर यह एक प्रारब्ध है।

होली — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर के कोयनातुर स्थित डायमंड सिटी में होली के मौके पर रैन डांस का आयोजन किया गया। स्थानीय लोगों ने जमकर होली खेली।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.